देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–184 । सागर, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

### प्रधानमंत्री ने प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती पर राज्य सरकार को दी बधाई, कहा-

# शिक्षकों पर भावी पीढ़ी को नई दिशा देने की जिम्मेदारी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिक्षकों पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि






आप सभी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं, आगे भी आप सीखते रहने की प्रवृत्ति जारी रखें। सरकार ने ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म तैयार किया है। शिक्षकगण इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयास करें। वह नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण–सह–उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 5 सौ से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि पिछले 3 वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, इन तीनों ही स्तरों पर दूरगामी नीति और निर्णय के साथ अनेक वित्तीय पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 5 साल के भीतर ही भारत में साढ़े 13 करोड़ भारतीय, गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। इस वर्ष फाइल होने वाली इनकम टैक्स रिटर्न की संख्या भी दूसरा महत्वपूर्ण संकेत दे रही है। आईटीआर के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2014 में जो औसत आय करीब 4 लाख रुपए थी, वह वर्ष 2023 में बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया साथ ही प्रत्येक संभाग के एक जिले के एक–एक प्रतिभागी को बधाई पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों का पुष्प–वर्षा कर स्वागत किया तथा प्रज्जवलित कर और कन्या–पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 'हम शिक्षक हैं, हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे...' गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग मंत्री सुश्री मीना सिंह और स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार मौजूद थे।

### शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता करें, शिक्षकों की चिंता मेरा दायित्व: शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे–भांजियां हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरु का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरु का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरु वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे आज सागर में जनसभा को करेंगे संबोधित



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को प्रदेश प्रवास पर आ रहे हैं, वह यहां सागर में कांग्रेस की एक जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री खड़गे मंगलवार 22 अगस्त को पूर्वान्ह पौने 11 बजे वायुयान से भोपाल आएंगे। श्री खड़गे और कमलनाथ पूर्वान्ह 11 बजे भोपाल से हेलीकाप्टर द्वारा सागर के लिए रवाना होकर पूर्वान्ह 11.45 बजे सागर पहुंचेंगे। वह इसके बाद सड़क मार्ग से दोपहर 12 बजे सागर के कजलीवन मैदान पहुंचेंगे, जहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।श्री खड़गे और कमलनाथ दोपहर 1.30 बजे सागर से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर सवा 2 बजे भोपाल लौट आएंगे।















## सार-समाचार

### मिठाई दुकानों एवं मिठाई निर्माण स्थलों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में मिठाई एवं नमकीन दुकानों का निरीक्षण किया है। निरीक्षण कार्यवाही में शहर मे स्टेशन रोड स्थित गुप्ता स्वीट्स से मावा बर्फी एवं दूध का हलवा, न्यू श्री नारायण नमकीन एंड स्वीट्स से मावा गुजिया एवं सेव नमकीन, घंटाघर स्थित भारत नमकीन से मिक्स नमकीन एवं नमकीन सेव, बकौली चौक स्थित गुजरात नमकीन भंडार से मावा बर्फी एवं दूध का हलवा के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इन मिठाइयों एवं नमकीन के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मिठाई विक्रेताओं को उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयों का विक्रय करने के निर्देश दिए। मौके पर परिसर में संग्रहित खोवा, मिठाइयो, बेसन, मसाले की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई।

### ज्यादा लेटे रहने से हर कार्य में लेट हो जाते हैं, आलस्य त्यागो, जल्दी जागोः मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** शास्त्रों का जिनवाणी का पठन पाठन एकाग्रता के साथ करो और त्रुटि होने पर पड़ने के उपरांत क्षमा याचना करो कि जिनवाणी मां हमारे द्वारा प्रमाद से यदि अर्थ, मात्रा, पद और वाक्य से जो कुछ कहा गया हो उस अपराध को क्षमा प्रदान करें। मुनि श्री ने कहा की आलस्य को छोड़कर धर्म ध्यान करना चाहिए। ज्यादा लेटे रहने से हर कार्य में लेट हो जाते हैं और यदि हम सूर्योदय से पूर्व नहीं जाग पाते है, तो तनाव एवं शरीर से स्वस्थ नहीं होते इसलिए आलस्य त्यागो, जल्दी जागो। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा कि भजन एवं भोजन बहुत महत्वपूर्ण है। बालिकाओं को मोक्ष सप्तमी मुकुट सप्तमी के व्रत पार्श्वनाथ निर्वाण दिवस पर अवश्य ही करना चाहिए। व्रतों के करने से हमारा तन मन स्वस्थ रहता है और मुक्ति के भागी बनते हैं।

### 307 के मामले में तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन थाना अंतर्गत दो दिन पहले हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने 48 घण्टे के ही भीतर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मालथौन के 19 अगस्त को अण्डेला में रात को रामकिशोर पिता कल्लन अहिरवार को जमीन के बटबारे को लेकर आरोपितो द्वारा कुल्हाड़ी से जनलेवा हमला कर लहू लुहान कर दिया था। जिसे मौके से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जिसका प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया था जहां उसका उपचार चल रहा हैं। फरियादी पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तालाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने तीन आरोपित करन सिंह, अरविंद एवं रघुराज निवासी अण्डेला को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाए अपने कौशल, जीते पुरुस्कार

**जैसीनगर, देशबन्धु।** डाक विभाग की योजनाओं के विषय में लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी देने के लिए ग्राम पडरई में डाक समुदाय विकास प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत लोगों को डाक विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। इसके साथ ही मेले में स्कूली छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिनमें रंगोली एवं चित्रकला में बच्चों ने अपने कौशल दिखाए। प्रतियोगिता के पश्चात छात्र छात्राओं को पुरुष्कार भी वितरित किए गए। मेले में बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए साथ ही पुराने आधार कार्डो में मोबाइल नंबर अपडेट किए गए। कार्यक्रम में उप संभागीय निरीक्षक नीरज खरे, अनुदेशक बालमुकुंद विश्वकर्मा, डीओपी एलआई महेंद्र सिंह दांगी, जैसीनगर सब पोस्ट मास्टर राजाराम सिंह दांगी सहित जैसीनगर डाक घर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 7 साल से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेश किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बीना के कुशल नेतृत्व में प्रकरण क्रमांक 303/16 धारा 279,337,338 ताहि के 7 साल से फरार आरोपी मेहरबान लोधी पिता बैजनाथ उर्फ घनश्याम लोधी उम्र 53 वर्ष निवासी देवराजी थाना भानगढ़ जिला सागर को विट्ठलधाम बीना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जो न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नईबस्ती रामदीन सिंह, लोकेन्द्र सिंह, मलखान सिंह, भूपेश साहू की सराहनीय भूमिका रही।



# एसडीएम ने सेक्टर आफिसर एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स की बैठक लेकर दिए निर्देश



**बण्डा, देशबन्धु।** एसडीएम संदीप सिंह ने तहसीली सभागार में विधानसभा क्षेत्र 42 के सभी सेक्टर आफिसर एवं बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक ली। बैठक में सेक्टर ऑफिसरों से वन टू वन चर्चा की गई। मुख्य रूप से मतदान केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं एवं मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति, रैंम्प, बिजली पानी व पहुंच मार्ग एवं मोबाइल नेटवर्क की जानकारी ली गई। जिन मतदान केंद्रों में कमियां पाई गई वह चिन्हित करके समय सीमा में सुधार कार्य किए जाने हेतु जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ, बीआरसी बण्डा शाहगढ़ को निर्देशित किया। इसके अलावा सेक्टर ऑफिसर क्रमांक 8, 10, 20 एवं 22 को पुनः मतदान केंद्र का निरीक्षण कर 23 अगस्त तक कार्यालय में उपस्थित होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिन बीएलओ का कार्य संतोषजनक नही है उन्हे कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निर्देशित किया की तीन दिवस में अपने मतदान केंद्र के समस्त पात्र व्यक्ति के नाम मतदाता सूची में नाम शामिल करें एवं अपात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने की कार्रवाई करें दिव्यांग मतदाताओं की दिव्यांगता की प्रविष्टि बीएओ ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से करें किसी भी स्थिति में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शेष न हो एवं अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जावेगी।

## घोघरा ग्राम पंचायत में लगाए जा रहे धुंधले बिल

### जांच की मांग को लेकर अवंती सेना संघ ने सौंपा ज्ञापन



**बण्डा, देशबन्धु।** पल्स, साई प्रसाद, साई प्रकाश, परिवार डेरी, श्रद्धा साबरी, इव मिरेकल, जीटीएफएस, भास्कर कोऑपरेटिव सोसाइटी, सहारा जैसी कई कंपनी गरीबों की मेहनत की गाड़ी कमाई को हड़प कर रफू चक्कर हो गई है। इसी तरह की एलजेसीसी नामक कंपनी बण्डा के सोनी पेट्रोल पंप के पास संचालित हो रही है जिस पर शासन और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। लगता है। शासन प्रशासन की आंखें तभी खुलेगी जब बण्डा क्षेत्र के गरीब लोगों का करोड़ों रुपया लेकर चली जाएगी। इसी तरह ग्राम पंचायत जमुनिया के रोजगार सहायक द्वारा फर्जी तरीके से मस्टर डालकर राशि निकाली गई थी जिस पर कार्यवाही करने को लेकर जनपद द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया गया था लेकिन पीड़ित को आज तक न्याय नहीं मिल पाया। बण्डा ब्लाक की ग्राम पंचायत घोघरा में नए सत्र 2022 में धुंधले बिलों को लगाकर मनमाने तरीके से राशि आहरण कर ली गई थी जिसका प्रकाशन मीडिया द्वारा भी किया गया था लेकिन आज तक जांच नहीं की गई। जांच कर कार्यवाही कराने को लेकर अवंती सेना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज लोधी के नेतृत्व में एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष सचिन लोधी, महाराज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### घर के पास पड़ा मिला युवक का शव

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया थाना क्षेत्र के गंभीरिया वार्ड में सोमवार को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घर से कुछ ही दूरी पर युवक का शव मिला है। युवक दो दिन पहले नागपुर जाने का बोलकर घर से निकला था। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार भरत पुत्र अवधबिहारी रैकवार उम्र 27 साल निवासी गंभीरिया वार्ड पिछले करीब 3 सालों से नागपुर में रहकर चौकीदारी का काम करता था। वह दो माह पहले नागपुर से लौटकर अपने घर गंभीरिया आया था। दो दिन पहले भरत घर से नागपुर जाने का बोलकर निकला था। मां से एक हजार रुपए लेकर गया था। लेकिन सोमवार को भरत का शव घर से कुछ ही दूरी पर खाली जगह पर पड़ा मिला है। सूचना पर मकरोनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वहीं शव का पीएम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया है। मृतक के पिता अवधबिहारी रैकवार ने बताया कि भरत नागपुर में काम करता था। वह दो माह पहले ही घर आया था।

### प्रवासी विधायक जिले की सभी विधानसभाओं में करेंगे 7 दिवसीय प्रवास

**सागर, देशबन्धु।** भाजपा मप्र का प्रदेशव्यापी विधायक प्रवास कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका हैं। जिसके अंतर्गत जिले की सभी विधानसभाओं में रविवार को प्रवासी विधायक पहुंचे। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि जिलें में उत्तर प्रदेश के सफीपुर विधानसभा से विधायक बम्बा लाल दिवाकर सागर, बिल्हौर विधनसभा से विधायक मोहित सोनकर खुरई, उन्नाव विधानसभा से विधायक पंकज गुप्ता बीना, स्याना विधानसभा से विधायक देवेंद्र सिंह लोधी बंडा, लंभुआ विधानसभा से विधायक सीताराम वर्मा रहली, साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील कुमार शर्मा नरयावली विधानसभा में आगामी 7 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। सभी प्रवासी विधायक जिले की आवंटित विधानसभाओं में संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों मे सम्मिलित होंगे व संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे। प्रवास कार्यक्रम हेतु जिला महामंत्री श्याम तिवारी को प्रभारी बनाया गया हैं।

## अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में शीघ्रता से कार्यवाही करें: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में शीघ्रता से कार्यवाही करें। अपने कार्यालयों में रिक्त पदों की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध करायें। जिससे दिवंगत कर्मचारी के आश्रितों को कार्यालयों के रिक्त पदों पर नियुक्त किया जा सके। इससे कार्यालयों को जहां कर्मचारी मिलेगें, वही जो प्रकरण लंबित है, उनका निराकरण हो सकेगा। कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लंबित पत्रों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जेल विभाग और वन विभाग से रिक्त पदों की जानकारी ले, ताकि रिक्त पदों पर आवश्यकता के अनुरूप अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकें। जिला पेंशन अधिकारी को निर्देश दिए कि कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण लंबित न रहे। विभागों में जो कर्मचारी अगले 6 माह में रिटायर होने वाले है, उनकी सूची तैयार करें। उनके संबंध में डाटा रखें। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें, जिसके उनका निराकरण किया जा सकें। बैठक में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2.0 की नगरीय निकाय और जनपदवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंल योजना में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। बैठक में नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पशुपतिनाथ मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण शुरू



**सागर, देशबन्धु।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में कल सोमवार से पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन अभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया की कल सुबह 8 बजे से देव आवाहन और कलश स्थापन के साथ सप्तमृत्तिका से पार्थिव रूद्री निर्माण प्रारंभ हुआ 11.30बजे से 1 बजे तक पूजन अभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम प्रतिदिन इसी निर्धारित समय पर एक सप्ताह तक चलेगा। रूद्री निर्माण और पूजन अभिषेक में रमेश चौरसिया, केपी गांधी, डॉ. केके ओझा, डब्बू गर्ग, बालमुकुंद दुबे, गुड्डू साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### प्रदीप पाण्डेय को मिला राजीव गांधी समरसता अवार्ड



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर सुप्रीम कोर्ट के सभागार केवी कृष्ण मेनन भवन में अंतर्राष्ट्रीय समरता कांग्रेस एवं इण्डो.नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में 22 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों सहित 51 राजीव गांधी समरसता अवार्ड एवं 15 राजीव रत्न अवार्ड से देश के कोने-कोने से सम्मिलित सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, राजनीति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मज्ञों को सम्मानित किया गया। जिसमें राजीव रत्न अवार्ड उत्तरांचल के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, राजस्थान की राज्यमंत्री उर्मिला योगी को दिया तो वही सागर मप्र से प्रदीप पाण्डेय को राजीव गांधी समरसता अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में नेपाल के राष्ट्रपति व कानून मंत्री डॉ. शिवमाया तुम्हाडके व कमल ढुंगाना, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता केपी सिंह एवं सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल के अध्यक्ष सहित देश के अनेक महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

### सरकार ने बहन बेटियों को अनेक सौगातें दीः सरोज सिंह

**मालथौन, देशबन्धु।** जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने बरौदियाकलां, इटवा और मालथौन में कुल 2.62 करोड़ लागत के सीसी रोड़ निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बहन बेटियों को अनेक सौगातें दी हैं। बरौदियाकला में 2 करोड़ लागत के सीसी रोड, इटवा में 42 लाख लागत के सीसी रोड और चन्द्रशेखर वार्ड मालथौन में 25 लाख रूपए लागत की सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इन आयोजनों में संबोधित करते कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह के संकल्प से मालथौन ब्लॉक में सभी तरफ विकास हो रहा है। जिससे अपना यह क्षेत्र सुख.समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। क्षेत्र में सड़कों का जाल, शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय और नये स्कूल, खेल की तमाम सुविधाएं, स्वास्थ्य के बेहतर इंतजाम कराये हैं।




### जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी का कटेगा एक दिन का वेतनः कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** जनसुनवाई में अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने जनसुनवाई की समीक्षा करते हुए दिए। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। यदि कोई विभागीय अधिकारी किसी विभागीय कार्य से मुख्यालय से बाहर रहते हैं तो उनके प्रतिनिधि के रूप में अपने विभाग के कर्मचारी को उपस्थित कराएं। प्रत्येक जनसुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी और अनुपस्थिति होने पर 1 दिन का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा ने केवल वोट बैंक की राजनीति कीः संध्या शुक्ला



**सागर, देशबन्धु।** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के तत्वाधान में आम सभा कजली वन मैदान में संपन्न की गई। जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी, राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला उपस्थित रहें। सर्वप्रथम रैली सुबह 10 बजे कजली वन मैदान से शनिदेव मंदिर, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं-1, अंडरब्रिज, राधा तिगडडा, कटरा मस्जिद, नमक मंडी, परकोटा साई मंदिर से तीनबत्ती, मस्जिद से होते हुए भगवानगंज चौराहा, कजली वन मैदान में रैली का समापन किया गया। तत्पश्चात् दोपहर 2 बजे आमसभा को संबोधित करते हुऐ संध्या शुक्ला ने कहा की आजादी के 76 वर्ष पूर्ण हो गये लेकिन देश को इन भ्रष्टाचारी राजनेताओ ने केवल लूटा है आज भी लोगो को रोटी कपडे मकान के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड रही है जनता के वोट जीत कर जनता के पैसो से केवल अपने घर भरे है मप्र में तो घोटलो का दांग लगा है चाहे कांग्रेस हो या भाजपा सब ने केवल जनता को शोषण ही किया है लूटने का कार्य ही किया है इसलिए मप्र का यह हाल है उन्होंने कहा कि सागर सभाग कई रत्न और महापुरूष ने जन्म लिया यदि वास्तव में इनकी गाथा विश्व जान जाये तो सागर पूरे विश्व में जाना जाये लेकिन ये सागर का दुर्भग्य है कि भाजपा इन्होंने केवल वोट बैंक की राजिनीति की लेकिन सागर के गौरव को भारत रत्न नही दिलाया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी उनके गौरव को कम नही होने देगी हम भारत रत्न दिला कर ही रहेगे और हमारे सत्ता में आने पर गौर साहब को भारत रत्न देंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला ने सरकारो पर निशाना साधा और भारत के सुनहरे भाविष्य के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की विचारधारा से जुड़ने की बात की।

## मंत्री भूपेन्द्र सिंह निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण, सुनी आमजनों की समस्याएं



**मालथौन, देशबन्धु।** ग्वालियर से लौटते समय मालथौन में अचानक मंत्री भूपेन्द्र सिंह रुक गए करीब दो घण्टे तक बैठकर आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनी उनके निराकरण के लिए मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ग्वालियर से जन आशीर्वाद यात्रा की बैठक कार्यक्रम से लौटते वक्त मालथौन में अचानक रुक गए। वह सीधे नगर में चल रहे शॉपिंग काम्प्लेक्स, 125 दुकाने के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंच गए। सूचना लगते ही मौके पर पहुंचे सीएमओ संजय गीते व उपयंत्रियों को निर्माण संबंधी निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत बैंच पर बैठकर आम लोगो की समस्याएं सुनी साथ चाय की चुस्कियां ली। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला सहित अनेक जन मौजूद रहे।

## नाग देवता व भगवान शिव की पूजा कर श्रद्धालुओं ने की मंगल कामना



**बीना, देशबन्धु।** सावन माह के सातवें सोमवार के साथ नाग पंचमी एक साथ होने के कारण नाग देवता की पूजा के साथ भक्त भगवान शिव की भी पूजा कर रहे हैं। शहर और गांव के शिवालयों में सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को दूध, दही, शहद और जल से स्नान कराया जा रहा है। जगह-जगह शिव स्त्रोत और अभिषेक की गूंज सुनाई दे रही है। सुबह से ही भक्तों का मंदिरों में तांता लगा हुआ है। नगर के बड़ा मंदिर, शिव वार्ड में स्थित शिव मंदिर, बस स्टैंड पर स्थित हजारिया महादेव मंदिर, रेलवे माल गोदाम में स्थित महाकाल मंदिर, जटा शंकर मंदिर, मनोरमा वार्ड में स्थित शिवालय, बेतवा नदी के पिपरासर में स्थित हजारिया महादेव मंदिर, बेतवा व बीना नदी के दुन्तरा घाट पर स्थित शिव मंदिर सहित मढबामोरा में स्थित शिव मंदिर, मंडी बामोरा में स्थित शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का पुष्पएमावे, भांग, भात, द्रोव और मेवे से श्रृंगार किया गया।

## चौरसिया समाज ने शोभायात्रा निकालकर मनाया चौरसिया दिवस



**जैसीनगर, देशबन्धु।** नगर में नागपंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान शंकर के सबसे प्रिय नाग देवता के इस पर्व में घर घर में महिलाओं ने विशेष पूजा अर्चना की। नगर के शिव मंदिरों में भगवान शंकर के गले के हार नागदेवता की पूजा अर्चना के लिए भक्तो का तांता लगा रहा। साथ ही चौरसिया समाज ने अपने आराध्य देव चौरिसी देव की पूजा अर्चना कर नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर चौरसिया दिवस मनाया। बैंड बाजों, अखाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा की शुरुआत ठेंगेबाबा मंदिर से हुई, जहां विधि विधान से भगवान शंकर, नाग देवता एवं चौरीसी देव की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद भगवान शंकर एवं नागदेव को रथ पर सवार कर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगर में जगह-जगह भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शामिल भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। नगर के बड़े महादेव मंदिर पहुंचकर प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा का समापन किया गया। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सावन मास की शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को नागपंचमी का त्यौहार मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन नाग देवता की पूजा करने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। साथ ही सर्पदंश या सर्प दोष से मुक्ति मिलती है।

### निःशुल्क शिविर कल

**सागर, देशबन्धु।** स्व. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ल एवं शांति देवी शुक्ल की स्मृति में कल बुधवार प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क आयुर्वेद एवं योग निदान, ब्लड कोलेस्ट्राल एवं निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, 5 सिविल लाइंस सागर में किया गया है।

## सार समाचार

### गौ रक्षा प्रमुख बृजेन्द्र तिवारी बने

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** सनातन वर्ल्ड परिवार की कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिसमें मध्यप्रदेश में पन्ना जिले के गौ रक्षा प्रमुख उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी को बनाया है। सनातन वर्ल्ड परिवार अध्यक्ष स्वामी शैलेशानंद महाराज एवं राष्ट्रीस प्रचालक विनीत पाण्ड्ेय की सहमति से पन्ना जिले में गौ रक्षा प्रमुख उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी को बनाया गया है। बृजेन्द्र तिवारी लगातार गौ रक्षा को लेकर सत्त कार्य कर रहे है जिसमें गौ रक्षा से संबंधित कार्य में निष्ठा के चलते यह जिम्मेदारी सौपी गई है। बृजेन्द्र तिवारी को नई जिम्मेदारी मिलने पर सनातन वर्ल्ड परिवार के पदाधिकारी एवं ईष्ट मित्रो ने शुभकामनाये और बधाई प्रेषित की है।



### नर्सिंग छात्र सड़क पर उतरे, परीक्षा कराने की मांग



**छतरपुर, देशबन्धु।** तीन साल से एक ही कक्षा में अध्ययनरत नर्सिंग कॉलेजों के बच्चे अब सडक् पर उतर आए हैं। सोमवार को जिले के नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग छात्र संगठन के बैनर तले जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर कलेक्टर कार्यालय के सामने मेला ग्राउंड में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

संगठन के जिलाध्यक्ष एवं रामदेव कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र वतन मिश्रा ने बताया कि जिले भर के नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने छत्रसाल चौराहे से महल तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय के सामने मेला ग्राउंड में धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है, जो तीन दिनों तक चलेगा। प्रदर्शन के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने हाईकोर्ट द्वारा उनकी परीक्षा पर लगाए गए स्टे को हटाने और तीन साल से एक ही कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराने अथवा उन्हें प्रमोशन देने की मांग की है।

### महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव ने सावन के सोमवार के अवसर पर आज ग्राम गठेवरा में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं की सुहाग सामग्री वितरित की गई। इस दौरान वृंदावन के कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुतियां दी। धार्मिक आयोजन के बाद श्रीमती ललिता यादव ने पूरे गांव में घूम कर सभी से मुलाकात की और जीत का आर्शीवाद प्राप्त किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि पार्टी ने उन्हें टिकिट देकर प्रत्याशी घोषित कर दिया है। अब यह चुनाव आप सबको लडऩा है। उन्होंने कहा कि टिकिट के लिए दावेदार बहुत रहते है लेकिन टिकिट किसी एक को ही मिलता है। इसलिए अब टिकिट मिलने के बाद केवल भाजपा और कमल के फूल पर आस्था रखिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में सड़के तक नहीं थी। । उन्होंने गांव के बुजुर्गो, युवाओं और लाड़ली बेटियों का आर्शीवाद मांगा। जिससे सभी ने हाथ उठाकर उन्हें आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि गठेवरा में 668 महिलाएं लाड़ली बहना योजना का लाभ प्राप्त कर रही है जबकि 204 किसानों को सम्मान निधि के रूप में सरकार से संबल मिल रहा है। इतना ही नहीं गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना से 198 लोगों को अपना घर मिल गया है और जल्द ही 113 और लोगों के आवास मंजूर होकर काम शुरू हो जाएगा।

# दाल मिल में गिरने से मजदूर की मौत

नौगांव, देशबन्धु। शहर के गर्रौली रोड पर स्थित बुंदेलखंड दाल मिल परिसर में गिरने से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम शव का पीएम कराके परिजनों को सौंप दिया तो वहीं पुलिस मजदूर की मौत के मामले को साजिशन मौत या दुर्घटना मानकर जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के गर्रौली रोड पर शहर से लगे धर्मपुरा पंचायत के ठठेवरा गांव में स्थित बुंदेलखंड दाल मिल में कई मजदूरों की तरह उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के अजनर थाना क्षेत्र के खिरियाकला गांव का प्रतिपाल सिंह यादव कार्य करता था। रविवार- सोमवार की रात प्रतिपाल कार्य कर रहा तभी अचानक उसके गिरने की आवाज, साथी अन्य मजदूरों के द्वारा प्रतिपाल को सिविल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन प्रतिपाल ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाते हुए पीएम कराकर मर्ग कायम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दाल मिल के अंदर हुई मजदूर की मौत के मामले में गिरकर मौत होने के अलावा किसी से बाद विवाद के बाद हत्या करने सहित अन्य सभी पहलुओं को लेकर मामले की जांच में जुट गई है। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने दाल मिल पहुंच कर कुछ मजदूरों एवं अन्य लोगों से बात करते हुए साक्ष्य जुटाए।

## चोरी का माल बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** गौरिहार पुलिस ने बीते माह में हुई चोरी का खुलासा किया है। सोमवार को एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी नवीन दुबे ने गौरिहार में हुई चोरी का खुलासा किया है जिसमें माल सहित दो आरोपितो की गिरफ्तारी बताई है। जानकारी के अनुसार गौरिहार थाना अंतर्गत गत दिनों लक्ष्मी तिवारी पति स्व. स्व. हरप्रसाद ने थाना पहुच रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 अगस्त को मै 11 बजे छतरपुर गई थी 9 अगस्त को आकर वापस देखा तो घर के अंदर कमरो के दरवाजा टूटे हुये थे, अलमारी में रखा सामान सोने चाँदी का पुराना स्तेमाली जबेरात नही थे जिन्हे कोई चोरी कर ले गया थाना गौरिहार पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये मुकदमा पंजीबद्व कर विवचेना में लिया।

आरोपीगणो को दबिश देकर पकड़ कर पूछताछ की तो उनके कब्जे से चोरी किया सामान जिसमें 1 नग सोने की झुमकी, 2 सोने की अगूँठी, 1 सोने के टॉपस, 1 नग सोनी चली, 2 नग सोने की कील, 1 सोने का लौकिट, 5 चाँदी की पायले, 1 चाँदी की करधनी, 1 गुच्छा चाँदी क कमर वाला, 19 नग चाँदी की बिछिया, 1 चाँदी का चौकोर सिक्का, 1 तावे का सिक्का कुल कीमत करीब 1,50,000 रुपये का माल बरामद किया है। दोनो आरोपयो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### बजरिया के हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के बसारी दरवाजा के समीप स्थित बजरिया के हनुमान मंदिर में स्थानीय लोगों द्वारा दो दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका सोमवार को हवन-पूजन और भंडारे के साथ समापन हुआ। आयोजन समिति की ओर से दीपक गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना को लेकर स्थानीय लोग आपसी सहयोग से हर वर्ष मंदिर में शिवलिंग निर्माण और भंडारे का आयोजन करते हैं। इस वर्ष दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर भर के धर्मप्रेमियों ने भाग लेकर पार्थिव शिविलिंग बनाए। सोमवार को पूर्णाहूति और भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें शहर के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### ओटीपी नहीं आने से थे नाराज दबंग

# रोजगार सहायक से बेरहमी से मारपीट



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** बकस्वाहा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरई के रोजगार सहायक के साथ गांव के दबंगों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित के मुताबिक एक योजना का फार्म भरे जाने के दौरान जब मोबाइल पर ओटीपी नहीं आया तो नाराज होकर दबंगों ने उसे तथा उसके परिजनों को पीट दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दबंगों द्वारा रोजगार सहायक तथा उसके परिजनों के साथ मारपीट की जा रही है। फिलहाल घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

ग्राम पंचायत चौरई के रोजगार सहायक प्रताप पुत्र धनीराम सेन उम्र 35 वर्ष ने बताया कि गांव के एक यादव परिवार की महिला को लाड़ली बहना योजना का फार्म भरना था। महिला के खाते का डीबीटी नहीं था और फार्म भरे जाने के दौरान मोबाइल पर ओटीपी नहीं आ रहा था जिस कारण से फार्म नहीं भर सका।

इसी बात से नाराज होकर महिला के परिजन रामदास यादव, पुरुषोत्तम यादव, फेरन यादव, नीतेश यादव, पप्पू यादव, आकाश यादव, नन्हे लाल यादव सहित करीब एक दर्जन लोगों ने प्रताप के साथ-साथ उसके भाई बंशीधर सेन और मां ब्रजरानी सेन के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने बकस्वाहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 323, 294, 324, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। सोमवार की शाम बक्स्वाहा जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्य रोजगार सहायकों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच करने और आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# दो दिवसीय दीक्षा कार्यक्रम आज से

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर में नए सत्र में बीए, बीएससी तथा बीकॉम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का दो दिवसीय दीक्षा कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) कुलपति प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में 22 एवं 23 अगस्त 23 को दो पालियों में आयोजित किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी डा एसपी जैन एवं सहा प्रभारी एनके पटेल के मुताबिक न्यू बॉटनी हाल में होने वाले इस दीक्षा कार्यक्रम में दोनों दिन प्रात: 10 से 12 बजे तक बीए तथा 1 से 3 बजे तक बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं का दीक्षा कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रार विजय तिर्की, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा आरके पाण्डेय, अकादमिक प्रभारी डा बीपी सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष तथा प्राध्यापक उपस्थित रहेंगे।

पहले दिन 22 अगस्त को प्रात-10 से 12 तक बीए तथा दोपहर 1से 3 बजे तक बीकॉम तथा बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को कुलसचिव विजय तिर्की यूनिवर्सिटी का परिचय देंगे, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा डीपी शुक्ला यूटीडी की अधोसंरचना व अन्य सुविधाओं,परीक्षा नियंत्रक डा ममता बाजपेई परीक्षा प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभारी डा एचएन खरे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एनएसएस प्रभारी डा बीएस परमार एनएसएस तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा आरके पांडे आई टी आधारित अध्ययनशाला विषय पर जानकारी देंगे।

दूसरे दिन 23 अगस्त को प्रात-10 से 12 बजे बीए तथा दोपहर 1 से 3 बजे तक बीकॉम एवं बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियो को युवा उत्सव प्रभारी डा ममता बाजपेई युवा उत्सव,अकादमिक प्रभारी डा बीपी सिंह गौर छात्रहितग्राही योजनाएं, डा पीएल प्रजापति खेल गतिविधियां, डा आरपी कुम्हार एनसीसी, डा बीके अग्रवाल व्यावसायिक पाठ्यक्रम/परियोजना कार्य एवं एनके पटेल स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना विषय पर आपने व्याख्यान देंगे।

### शिवार्चन के साथ हुआ भंडारा

**नौगांव, देशबन्धु।** सोमवार नागपंचमी के अवसर पर महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झिकमऊ का शिवमंदिर बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। नागपंचमी को कांग्रेस नेता अजय दौलत तिवारी ने यहां भगवान भोलेनाथ के शिवार्चन के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें आसपास के क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष शामिल हुए। उल्लेखनीय है महाराजपुर विधानसभा के कद्दावर नेता अजय दौलत तिवारी के द्वारा सावन के सोमवार के अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में क्षेत्रकल्याण की कामना के साथ शिवार्चन किया जा रहा है।

# आज मनेगा मतदाता मंगल दिवस



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, एडीएम नम-शिवाय अरजरिया, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल सहित जिले के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने निर्देशित किया कि स्वीप गतिविधियों के तहत 22 अगस्त को जिले भर की आंगनवाडि़यों में मतदाता मंगल दिवस मनाया जाएगा। जिसमें जेंडर रेशियों बढ़ाने के लिए छूटी हुईं महिला मतदाताओं के नाम बीएलओ द्वारा केन्द्र पर उपस्थित रहकर वोटर लिस्ट में जोड़े जाएगें। साथ ही जो बालिकाएं 18 साल या 1 अक्टूबर को 18 साल की हो रहीं है उनके भी नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ताएं एक दिन पहले महिलाओं को सूचित करें और शतप्रतिशत वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रोग्रेस की जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से प्रत्येक घंटे की अपडेट लेने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने डीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों के 18 साल या 1 अक्टूबर को 18 साल के हो रहे बच्चों का मतदाता सूची में नाम जुड़ जाने का प्राचार्य से प्रमाण पत्र लेकर प्रस्तुत करें।

**लापरवाही मिलने पर कियोस्क संचालक पर होगी एफआईआर :** कलेक्टर ने महिलाओं के साथ वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए स्पेशल कैंपेन चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कियोस्क संचालकों की बैठक करें और उनके नियमानुसार दस्तावेज चेक करें। उन्होंने कहा जो धोखाधड़ी करेगा उस पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराएं। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि शहर में स्थित तालाबों की तार फेंसिंग कराएं, जिससे लोग कचरा न फेंक सकें। साथ ही स्ट्रीट लाइट्स समय से बंद हो। उन्होंने कहा लाइट्स का कनेक्शन डायरेक्ट न हो स्विच का प्रयोग करें। उन्होंने खजुराहो में लाइट्स व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए एमपीईबी निर्देश दिए। सीईओ जनपद को बमीठा स्थित दुकानों से कर वसूलने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने वसुधा बंधन के तहत अमृत सरोवर के पास एवं अतिक्रमण मुक्त कराई जमीन पर फलदार पौधरोपण करने के निर्देश दिए।

# संकट मोचन मंदिर के मांगलिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को शहर के संकट मोचन मंदिर परिसर में विधायक आलोक चतुर्वेदी द्वारा विधायक निधि से निर्मित कराए गए मांगलिक भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आलोक चतुर्वेदी रहे, उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवनिर्मित मांगलिक भवन का लोकार्पण किया।

विधायक आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि पूर्व में मंदिर समिति सहित मंदिर में आस्था रखने वाले भक्तों ने उन्हें अवगत कराया था मंदिर में वर्ष भर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते हैं, जिसके लिए मंदिर परिसर में मांगलिक भवन की आवश्यकता है। उक्त मांग को पूरा करते हुए उन्होंने विधायक निधि से मंदिर का निर्माण कराकर, उसका लोकार्पण किया है। उक्त भवन का लोकार्पण होने के बाद अब मंदिर में होने वाले आयोजनों में इसका उपयोग किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर समिति सहित अन्य भक्तों ने विधायक का आभार भी जताया।

# जटाशंकर धाम में गूंजे हर-हर महादेव का जयकारे



**बिजावर, देशबन्धु।** श्रावण मास के सातवें सोमवार को श्री जटाशंकर धाम में एक बार फिर भक्तों की भारी भीड़ रही। सोमवार को नाग पंचमी पर्व का विशेष संयोग होने के चलते भी विशेष भीड़ हुई। अब श्रावण मास का एक और सोमवार शेष हैं। इसके पहले रविवार को भी यहां पर बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं श्रावण मास में शिव पूजा का विशेष महत्व होने के चलते पूरे श्रावण मास में बहुत बड़ी तादाद में भक्तगण शिव धाम पहुंच रहे हैं। इस श्रावण मास में अधिमास का संयोग होने से श्रावण मास 59 दिन का रहेगा। अब 28 अगस्त का आखिरी श्रावण सोमवार शेष है।

वही इस सोमवार को भी रिकॉर्ड संख्या में भक्तगण श्री जटाशंकर धाम पहुंचे। इस दौरान ओम नम: शिवाय, हर हर बम बम, के स्वर गूंजते रहे।

वहीं पिछले सोमवार की तरह इस सोमवार को भी कई हजार लोग विभिन्न ग्रामों से पदयात्रा करते हुए श्री जटाशंकर धाम पहुंचे। इस दौरान भक्तजनों का बिजावर प्रवेश होने पर कई स्थानों पर जलपान से शानदार स्वागत किया गया। वहीं जटा शंकर में एक दर्जन विशाल भंडारे आयोजित किए गए। जिनमें पोहा, जलेबी, हलवा, पूरी, खीर आदि वितरित किए गए।

लोक न्यास श्री जटाशंकर धाम अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों जटाशंकर धाम में भक्ति रस बरस रहा है। आसपास के जिलों सहित देश के विभिन्न प्रांतो से बहुत बड़ी तादाद में भक्तगण श्री जटाशंकर धाम आ रहे हैं। इसके चलते पूरे श्रावण मास में यहां पर जमकर भीड़ हो रही है। इस सोमवार को भी भारी भीड़ के मद्दे नजर लोकन्यास द्वारा अतिरिक्त वालंटियर लगाकर विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि वारिश के दौरान श्री जटाशंकर धाम का प्राकृतिक श्रृंगार हो जाता है जिससे यहां का वातावरण और दृश्य मनमोहक हो जाते हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि श्री जटाशंकर धाम में इन दिनों विभिन्न स्थानों पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, भजन कीर्तन, भंडारे आदि बड़ी तादाद में चल रहे हैं।

### दोपहर बाद हुई जोरदार बारिश बह निकले झरने....

वहीं सोमवार को दोपहर बाद एक बार फिर जटाशंकर धाम में जोरदार बारिश आरंभ हो गई। इससे कुछ ही देर में गोमुख से, सीढ़ियों से जलधारा बहने लगी। साथ ही कई जगह से एक साथ झरने चालू हो गए। इस दौरान यहां मौजूद हजारों हजार लोग बम बम भोले के नारों के साथ झूमने लगे और लोगों ने प्रकृति के इन अनुपम दृश्यों को अपने मोबाइल में कैद किया। इस दौरान न्यास की ओर से श्रद्धालुओं से सीढ़ियां चढ़ते उतरते समय सावधानी बरतने की अपील की गई। इस दौरान न्यास पदाधिकारी और अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# नाग-पंचमी पर्व पर सम्मानित हुईं प्रतिभाएं




***छतरपुर, देशबन्धु।*** *श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला नागपंचमी पर्व जिला चौरसिया समाज द्वारा परंपरागत ढंग से मनाया गया। जिला मुख्यालय पर चौरसिया समाज के मुख्य समारोह का आयोजन हुआ, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में नागपंचमी के अवसर पर पूजा-अर्चना, हवन-पूजन और भंडारे हुए। जिले के विभन्न मंदिरों में परंपरागत ढंग से दंगल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। चौरसिया समाज द्वारा जिला मुख्यालय पर किए गए आयोजन में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और विभिन्न प्रतियोगिती परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले युवक-युवतियों को सम्मानित किया गया।*

*चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष मानिक चौरसिया ने बताया कि छतरपुर के एक निजी मैरिज हाउस में नागपंचमी एवं चौरसिया दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया रहीं, जबकि अध्यक्षता डॉ. जेपी चौरसिया ने की। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में एलसी चौरसिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। श्री चौरसिया ने बताया कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में समाज के बेटे-बेटियों ने 98 फीसदी तक अंक हासिल कर समाज का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 75 फीसदी से अधिक और कक्षा 12वीं में 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने वाले जिले भर के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा नीट और नेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले समाज के युवाओं को भी इस अवसर पर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।*

*समाज के वरिष्ठ जी.सी. चौरसिया को चारसिया समाज रत्न पुरस्कार देकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आने वाले समय में समाज द्वारा प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए विचार-विमर्श किया गया, जिनमें मार्च-अप्रैल 2024 में समाज द्वारा आयोजित किया जा रहा सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रमुख था।*

*कार्यक्रम में छतरपुर शहर सहित महाराजपुर, गढ़ीमलहरा, नौगांव, पिपट-पनागर सहित सभी नगर एवं कस्बों से समाज के लोग शामिल हुए।*

### हनुमान टौरिया के अखाड़े में हुई दंगल प्रतियोगिता



नागपंचमी के अवसर पर हनुमान टौरिया मंदिर के अखाड़े में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हनुमान टौरिया सेवा समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया कि पिछले करीब 65 वर्षों से नागपंचमी पर्व पर मंदिर के अखाड़े में दंगल प्रतियोगिता होती आ रही है। आज के कार्यक्रम में सर्वप्रथम बजरंगबली का पूजन किया गया और इसके बाद पहलवानों के बीच कुश्ती हुई। अखाड़े में उतरे सभी पहलवानों का राजू महाराज ने तिलक किया। दंगल में छोटे और बड़े पहलवानों ने कुश्ती लड़ी। दंगल का सबसे रोचक मकाबला पहलवान हरिश्चंद्र कुशवाहा और दीपक रैकवार के बीच हुआ। अंत में पहलवानों को पुरस्कृत कर दर्शकों में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कुलदीप अग्रवाल, नीरज भार्गव, स्वामी पहलवान, सुरेन्द्र अग्रवाल, पप्पू माली, संतोष नामदेव, मुन्ना ताम्रकार, संजू गंधी, अर्जुन पाटकर, देवेन्द्र टिकरया आदि मौजूद रहे।

सागर, मंगलवार 22 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्ख़ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्व ऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निज़ाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं- वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो-हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था।

2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा ज़रूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर-भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था।

निज़ाम बदला। हुक्मरान बदले; और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी-पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40-45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीज़ल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं?

इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये।

मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है- फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है। इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चैनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि- 'परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?', तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा-'यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?' उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की ज़रूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

# लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी

लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के अपने दसवें और वर्तमान कार्यकाल के आखिरी संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह अपने लिए असाधारण ऐतिहासिक भूमिका का सबसे ऊंचा आसन गढ़ने की कोशिश की है, उसके अलग-अलग तत्वों पर तो लोगों का फिर भी ध्यान गया है, लेकिन उसकी समग्रता पर काफी कम लोगों ने ही ध्यान दिया है। इसे देखते हुए, पी चिंदबरम का इंडियन एक्सप्रैस के अपने रविवारीय स्तंभ में यह ध्यान दिलाना दोहराए जाने का हकदार है कि प्रधानमंत्री मोदी, जब भारत के हजार साल की ''गुलामी'' पार कर के अमृतकाल के आरंभ के वर्तमान मुकाम पर पहुंचने की बात कर रहे थे, जहां उनके दावे के अनुसार अगले हजार साल की नींव रखी जा रही है, तो वह सिर्फ तात्कालिक तथा यहां तक कि मध्यम कालिक चिंताओं तक से ध्यान हटाने का पैंतरा ही नहीं आजमा रहे थे। इसके साथ ही वह खुद को हजार-हजार वर्ष के दो युगों की संधि पर, भारत का नेतृत्व कर रहे, असाधारण ''युग पुरुष'' के पैडस्टल पर खड़ा करने की बहुत सचेत कोशिश भी कर रहे थे। यह दूसरी बात है कि उनके पौने दो घंटे लंबे, बिखरे-बिखरे, शोरभरे किंतु निष्प्राण, धुरीहीन भाषण ने, इस सायास गढ़ी जाने वाली अभूतपूर्व ''महत्ता'' के संदेश के प्रसार को, बहुत हद तक खुद ही बाधित कर दिया।

''एक हजार साल'' के आगे के कालखंड पर प्रधानमंत्री मोदी के जोर देने की, नाजी जर्मनी के सुप्रीमो एडोल्फ हिटलर की ऐसी ही भविष्य प्रस्तुति से समानता ने बेशक, कई टिप्पणीकारों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऐसे बड़े भविष्य फलक की उपयोगिता जाहिर है कि सर्वोच्च नेता का कद बढ़ाकर उसका सिर बादलों तक पहुंचा देने के लिए भी है और उसकी तात्कालिक प्रकट विफलताओं को महत्वहीन या तुच्छ बनाकर गायब कर देने के लिए भी। लेकिन, उनके अनुसार एक हजार काल के जिस कालखंड को पार कर भारत मौजूदा मुकाम पर पहुंचा है, उसकी प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तुति और खासतौर इस पूरे कालखंड के ''गुलामी'' का दौर होने के उनके दावे के निहितार्थों पर, शायद उतना ध्यान नहीं दिया गया है, जितना उनमें छुपे खतरनाक संदेशों को देखते हुए दिए जाने की जरूरत है।

बेशक, यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक हजार साल की गुलामी' की बात की है। चंद हफ्ते पहले, अमेरिका की अपनी सरकारी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यही राग अलाप कर, इससे भी ज्यादा चौंकाया था। बेशक, उस समय भी लोगों के चौंकने की वजह यह हर्गिज नहीं थी कि नरेंद्र मोदी पहली बार ऐसा दावा कर रहे थे। एक जुमले की तरह 'एक हजार साल की गुलामी' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से जब-तब इस्तेमाल करते आ रहे थे। और ऐसा होना स्वाभाविक ही था क्योंकि संघ-भाजपा के इतिहास बोध में, 'एक हजार साल की गुलामी' की धारणा हमेशा से ही, केंद्रीय धारणा की तरह बनी रही है। हां, यह दूसरी बात है कि मोदीशाही के नौ साल से ज्यादा के दौरान, आधिकारिक इतिहास लेखन व शोध से लेकर, इतिहास की पाठ्य पुस्तकों तक और जाहिर है कि खासतौर सोशल मीडिया समेत जन-संवाद में, बढ़ते जोर के साथ तथा ऊंची आवाज में इसका दावा किया जाने लगा है। फिर भी, प्रधानमंत्री के अमेरिका के संबोधन तक इस दावे का पहुंचना, इसलिए चौंकाता था कि अब तक विदेश में ज्यादा सख्त छानबीन की आशंका से, औपचारिक रूप से ऐसे बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संकेत देने से बचा जाता रहा था। बहरहाल, अब मोदी से उस संकोच को भी त्याग दिया है। और अब लाल किले के संबोधन के साथ तो इस धारणा को, एक तरह से मोदीराज का आधिकारिक सिद्धांत ही घोषित कर दिया गया है।


राजेन्द्र शर्मा

> प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता।

प्रधानमंत्री मोदी को शायद इसकी जानकारी नहीं हो, भारत की 'एक हजार साल की गुलामी' की अवधारणा, सीधे-सीधे ब्रिटिश औपनिवेशिक राज की उतरन है, जो संघ ने शुरू से पहनी हुई है। ब्रिटिश राज के हिस्से के तौर पर, भारत पर एक इतिहास-काल बोध भी थोपा गया था। इसकी रूपरेखा जेम्स मिल ने पेश की थी और ब्रिटिश राज के पूरे दौर में थोड़े-बहुत हेर-फेर के साथ इसी नजरिए का बोलबाला बना रहा था। इस नजरिए के हिसाब से भारत का ब्रिटिश-पूर्व इतिहास, दो हिस्सों में बांटा जा सकता था। ग्यारहवीं शताब्दी से शुरू हुआ मुस्लिम काल और उससे पहले का हिंदू काल। लेकिन, बात सिर्फ इस तरह के काल विभाजन के ऐतिहासिक रूप से गलत होने की नहीं थी। इस कथित मुस्लिम काल में ही चोल, गजपति, अहोम, काकतीय, विजयनगर राज, मेवाड़ और आगे चलकर मराठा जैसे प्रभावशाली राज भी रहे थे, हालांकि पहले सल्तनत तथा बाद में मुगल शासन के अंतर्गत उत्तरी भारत का बड़ा हिस्सा आता था। इस काल विभाजन की असली बात यह थी कि यह इतिहास को सिर्फ शासक के धर्म के नजरिए से देखकर, भारत के संदर्भ में देशी-विदेशी तय करने की कोशिश करता था। और हिंदू प्रजा, मुसलमान राजा के एक स्थायी टकराव की अपनी संकल्पना के जरिए, ब्रिटिश राज को वास्तव में हिंदुओं के उद्धारक के रूप में पेश करने की कोशिश करता था। ब्रिटिश सामराजी हुकूमत में यह खेल कितने सचेत रूप से खेला जा रहा था, इसका अंदाजा इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1842-44 के दौरान भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड एलनबरो ने 1842 में इसका ऐलान किया था कि कथित 'सोमनाथ के दरवाजे' अफगानिस्तान से ईस्ट इंडिया कंपनी नियंत्रित इलाके में लाकर, ब्रिटिश सेनाओं ने भारतीयों के 'आठ सौ साल के अपमान' का 'बदला' ले लिया था!

हैरानी की बात नहीं है कि एक ओर आरएसएस-परिवार और दूसरी ओर उसके मुस्लिम समकक्षों ने, भारत के इतिहास की इस सामराजी प्रस्तुति को ज्यों का त्यों हजम कर लिया था। जैसाकि ब्रिटिश हुकूमत चाहती थी, उनकी लड़ाई एक-दूसरे के खिलाफ और ब्रिटिश हुकूमत के संरक्षण के लिए थी। यह दूसरी बात है कि भारतीय इतिहास की वास्तविक धारा की दिशा कुछ और ही थी, जिसका परिचय 1857 के विद्रोह से मिल गया था, जिसे प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब, साम्राज्यवाद के खिलाफ तब तक का सबसे बड़ा विद्रोह मानते हैं। आगे चलकर इसी वास्तविक इतिहास का प्रतिनिधित्व, ब्रिटिशविरोधी राष्ट्रीय आंदोलन करता था। हैरानी की बात नहीं है कि संघ समूह और उसके मुस्लिम समकक्ष, सचेत रूप से इस राष्ट्रीय आंदोलन से न सिर्फ बाहर ही रहे थे बल्कि वास्तव में उसके खिलाफ ही रहे थे। यह दूसरी बात है कि संघ-परिवार की इस भूमिका पर पर्दा डालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इस झूठ का सहारा लेने की कोशिश की थी कि 'कोई नहीं था जिसने तब स्वतंत्रता के लिए त्याग नहीं किया होगा।' जमींदार, राजे-रजवाड़े, महंत-मठाधीश, व्यापारी, संप्रदायवादी; ब्रिटिश राज के फर्माबरदार भी अंत-अंत तक बहुत थोड़े नहीं थे!

स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी आंदोलन ने, उसके इतिहास लेखन ने, ब्रिटिश उपनिवेशिवादियों द्वारा प्रचारित इतिहास को भी चुनौती दी। उसने खासतौर पर भारत में कथित मुस्लिम काल को, यूरोपीय इतिहास के मध्ययुग की तरह, अवरुद्ध विकास का काल बनाकर पेश किए जाने की कोशिशों को चुनौती दी। इस क्रम में राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने 1857 तथा उसके बाद के इतिहास को ही ब्रिटिश-विरोधी राष्ट्रवाद की नजर से नहीं देखा, मध्यकालीन शासनों को भी एक समावेशी राष्ट्रवादी नजर से देखा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी इससे ठीक उल्टे चलते हुए, संघ के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक नजरिए से ही संचालित होकर, इन शासनों मात्र को 'विदेशी' तथा इनके विरुद्ध जो कुछ भी रहा हो उसे 'राष्ट्रीय' बनाने की कोशिश करते हैं। दुर्भाग्य से संघ की यह सांप्रदायिक इतिहास दृष्टि, राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की एक कमजोरी का बहुत फायदा उठाती है। ब्रिटिश श्रेष्ठतावाद के मुकाबले के लिए, राष्ट्रवादी इतिहास दृष्टि ने, मुस्लिम-पूर्व भारत के हिंदू भारत के रूप में यूरोपीय महिमामंडन को, जिसके पीछे स्पष्ट सामराजी कार्यनीति थी, कमोबेश अनालोचनात्मक तरीके से हजम कर लिया था। इस तरह, 'हिंदू भारत' के एक प्रकार के 'स्वर्ण युग' माने जाने की सामराजी विरासत सुरक्षित बनी रही, जिसने एक स्वतंत्र, समानतापूर्ण, जनतांत्रिक भविष्य गढ़ने के तकाजों के मुकाबले, बीते हुए 'स्वर्ण युग की वापसी' की पुकारों के लिए जगह मुहैया कराई। इसे हम आज कथित सनातन पर वापसी की पुकारों में देख रहे हैं। दूसरी ओर, खासतौर पर मुस्लिम को 'विदेशी' का पर्याय बनाया जा रहा है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ने लाल किले के अपने भाषण में 'हजार साल की गुलामी' के मुकाबले की 'परंपरा' और शक्तियों की दुहाई यह साफ कर दिया है कि वह आने वाले दिनों में और जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के अगले चक्र के लिए और फिर आम चुनाव के लिए, बहुसंख्यक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का ज्यादा से ज्यादा खुलकर इस्तेमाल करेंगे। वास्तव में इसका एक और संकेत तो तभी मिल गया था जब कर्नाटक के चुनाव में भारी हार के फौरन बाद, प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की मांग उछाल दी थी, जिसके संबंध में उन्होंने यह भी स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रहने दी थी कि यह सिर्फ मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ मुहिम का मामला है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता। प्रधानमंत्री ने जिस तरह इसे ''बर्बाद'' करने वाला बताया है और खासतौर पर सामाजिक न्याय को बर्बाद करने वाला बताया है; उसका संकेत स्पष्ट है कि अब अल्पसंख्यकों के जिक्र को भी एक प्रकार से अपराध बनाकर हमले का निशाना बनाया जाएगा और यह हमला किया जाएगा इसके नाम पर कि इससे, दलित आदि अन्य वंचितों के हक मारे जा रहे हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# म.प्र. में भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची ने बढ़ाई अन्तर्कलह

मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों के दो कदमों ने न केवल दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को बल्कि आम जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया है।

इन दो कदमों में सत्तारूढ़ भाजपा का भी एक कदम शामिल है जिसके तहत उसने तीन महीने बाद होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसकी आधिकारिक घोषणा के भी पहने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस पहली सूची में विधानसभा की वे 39 सीटें हैं जहां से पार्टी 2018 के विधान सभा चुनाव में हार गई थी अर्थात ये उम्मीदवार ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जहां पार्टी को 2018 के आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इस घोषणा के समय ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शायद यह पहली बार है कि मतदान के तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। दूसरा कदम कांग्रेस का है जिसने चुनाव की तारीखों से काफी पहले ही भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर दिया है।

हालांकि भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी, भाजपा ने न केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं जहां वह 2018 में हार गई थी बल्कि पार्टी उम्मीदवार लगातार एक के बाद एक चुनाव हारते रहे हैं।


एल एस हरदेनिया

> भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी।

सूची से असंतुष्ट भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह इसके विपरीत कि चुनाव से करीब तीन महीने पहले सूची जारी कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा कड़ी टक्कर देने जा रही है और राज्य में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही है। वह हर सीट पर लड़ेगी। प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस सूची से कार्यकर्ताओं को संगठित और सक्रिय किया जायेगा। विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही वे अपने घरों से निकलकर मैदान में उतरेंगे। इसे कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली कुछ सीटों को जीतने के लिए पर्याप्त समय के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। 13 आदिवासी उम्मीदवारों की घोषणा का मतलब आदिवासी मतदाताओं को भगवा पार्टी की ओर वापस लाना भी था।

राजकुमार कराठे के गुरुवार सुबह 'आप' से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बालाघाट के लांजी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। इसके विरोध में सीट से पार्टी के पूर्व विधायक रमेश भटेरे के समर्थकों ने राजकुमार कराठे के खिलाफ नारे लगाते हुए लांजी की सड़कों पर भाजपा के झंडे के साथ जुलूस निकाला। 'राजकुमार को झाड़ू मारो' उनका नारा था।

'केंद्रीय नेतृत्व को पता होना चाहिए कि उन्होंने उस व्यक्ति को टिकट दिया है जो आज भी पार्टी का प्राथमिक सदस्य नहीं है। शुक्रवार तक वह आप के साथ थे और लगातार भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। हमारी मांग है कि 'इस फैसले को बदला जाये,' रमेश भटेरे के एक समर्थक ने कहा।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव को मैदान में उतारने का भी विरोध किया जा रहा है, यह सीट उन्होंने 2008 में 7,508 वोटों के अंतर से और 2013 में 2,217 वोटों से जीती थी। जब निर्वाचन क्षेत्र में उनका अंतर कम हो गया, तो पार्टी ने उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ा मलाहरा निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया, जहां वह कांग्रेस के प्रद्युम्न सिंह लोधी (अब भाजपा में) से 15,779 मतों के अंतर से हार गईं। बड़ा मलाहरा में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनकी सीट थी।

भाजपा ने दो बार छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं अर्चना गुड्डू सिंह को छतरपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। अर्चना सिंह 2018 का चुनाव भी 3,496 वोटों के अंतर से हार गई थीं। अब सवाल पूछा जा रहा है कि पार्टी ललिता यादव को छतरपुर से क्यों मैदान में उतारेगी, जबकि 2013 में उनकी जीत का अंतर बहुत कम था और 2018 में बड़ा मलेहरा में हार गई थीं? छतरपुर में अर्चना सिंह की हार काफी कम वोटों से हुई थी। ललिता यादव के नाम की घोषणा होते ही अर्चना सिंह के समर्थकों ने छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर विरोध रैली निकाली। उन्होंने नारे लगाए- 'टिकट वापस करो'।

पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि छतरपुर में ललिता यादव की उम्मीदवारी का उद्देश्य जिले और आसपास के खरगापुर, निवारी, पृथ्वीपुर, देवरी, सुरखी और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों में जातिगत समीकरण को संबोधित करना है। जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए, पार्टी ने रणनीतिक रूप से प्रीतम लोधी को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें पिछले साल ब्राह्मणों के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

दूसरी ओर जब कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया तो वह काफी स्मार्ट नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र जारी किया। इसे घोटाला पत्र कहते हुए, कांग्रेस ने अपने आरोप पत्र में भाजपा सरकार पर मध्य प्रदेश में अपने 18 साल के शासन के दौरान कथित तौर पर 50,000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाला समेत 254 घोटालों का आरोप लगाया।

इन आरोपों में शामिल है 86,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 11,000 करोड़ रुपये का सीवरेज निर्माण घोटाला, 94,000 करोड़ रुपये का बिजली घोटाला, और 100 करोड़ का महाकाल निर्माण घोटाला भी।

कांग्रेस ने दावा किया कि आरोप राज्य विधानसभा में सवालों के सरकार के जवाब सहित दस्तावेजी सुबूतों पर आधारित है जिन्हें सीएजी और लोकायुक्त ने प्रस्तुत किया था। अनेक तो सीबीआई के दस्तावेज से लिये गये हैं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर अन्य करोड़ों रुपये के घोटालों का भी आरोप लगाया जो सीधे आम जनता से जुड़े हैं - जैसे 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ रुपये का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनवाड़ी नल-जल घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम घोटाला और 800 करोड़ रुपये का भर्ती घोटाला।

## गुरवाणी विचार

### हरि बिन अवर न देखो कोई

अन्तर गुरु आराधना जिन्हा जपगुरु नावो।
नेत्री सतगुरु, पेखना, सरबनी सुनना गुरू नावों।
सतगुरु सेती रतिया-दरगाहि पाइये धावों।
कहां नानक किरपा करे जिसन ऐह नत दे
जग मेहि उदय उदव काटके, बिरले कैई के।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा अर्जुन देव पांचवें नानक फरमा रहे हैं कि हम इंसानों को इस मानवदेही को पाकर किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। सब से पहले हमें अमृत वेले (तड़के) उठकर प्रभु नाम का जाप सिमरन करना चाहिए। अमृत वेले सच नावौं वडिआई विचार। फिर हमें प्रभु परमात्मा ने जिव्हा इसलिए दी है कि हमें इससे प्रभु परमात्मा की वाणी का पाठ करते रहना चाहिए। पराई निंदा चुगली करने में समय बिताना चाहिए- रसना गुण गोपाल निधि गायन। सांसहस रहस मन उपजियो। सगले दुख पलयिन।। फिर प्रभु परमात्मा ने सुंदर आंखें दी हैं, उससे प्रभु दर्शन करने हेतु गुरु द्वारा मंदिर, मस्जिद आदि जाना चाहिए न कि इन नेत्रों को गंदे नाटक चेटक देखने में लगाना चाहिए।

ऐ नेत्रों मेरियो हरि तुममें जोति रखी
हरि बिन अवर न देखो कोई।।

फिर हमें दो सुंदर कान दिए हैं उससे हमें हर वक्त प्रभु जस श्रवण करते रहना चाहिए न कि इन कानों को पराई निंदा चुगली में लगाए रखना चाहिए। ऐ सखनो मेरियो सांचे सुनने न पठाये। शरीर लाए सुनो सत वाणी। शरीर लाये सुनो सत बाणी, इस तरह हर वक्त प्रभु सिमरन बंदगी में इन अंगों को लगाए रखना चाहिए। तभी प्रभु परमात्मा की खुशी मिल गई तो फिर उसकी नजरें इनायत होने पर हमारे लोक परलोक दोनों सुहेला हो सकता है इसलिए गुरवाणी में समझाइश दी गई है- हलत सुख पलत सुख सिमरनो। नित नाम हरि का लीजै।।

उसकी प्रसन्नता प्राप्त होने पर ही हम अपनी जिंदगी जिसमें कई पूर्व जन्मों की मैल लगी हुई है कि मैल धोकर उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार हो सकते हैं। हमारा जनम-मरण का चक्कर खत्म हो सकता है और हमें प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है। जहां फिर हमें किसी किस्म की फिकर, चिंता गम नहीं रहेगा ऐसी दरगाहि का वर्णन भक्त रविदास ने कुछ इस तरह किया है-बेगमपुरा शहर को नावों। पर हमें इसके लिए हर वक्त मन से प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। कबीरदास जी कहते हैं-

केशो केशो कविये न सोइये आसार।
बार बार के केकने कभी तो सुने पुकार।।

हर इंसान का काम है प्रभु सिमरन बंदगी में मन से जुड़ा रहे। परमात्मा इतने भी बेरहम नहीं है कि हमारी पुकार न सुने कभी न कभी तो हमारी पुकार सुनेंगे। अतएव हमारा एक सूत्रीय कार्य यही होना चाहिए प्रभु नाम सिमरन। पत्थर की जगत (कुएं की) पर बार-बार नरम रस्सी जाकर भी अपना निशान बना देती है तो फिर हमारे बार-बार प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर कभी न कभी तो हमारी पुकार प्रभु के सांचे दरबार में अवश्य सुनी जाएगी। प्रभु परमात्मा का हृदय कभी न कभी तो पसीजेगा और बस फिर हम पर उसकी किरपा दृष्टि बनेगी। हमारा कल्याण होना ही है अतएव हमें हर वक्त इस तरह प्रार्थना करते रहना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांई,
ऐसी बुद्धि करो परगासा सदा सदा तुध धिआंई।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### कानपुर में बाढ़ के हालात से जनजीवन प्रभावित, घरो में घुसा पानी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और देश में कई राज्य इस वर्ष बाढ़ की चपेट में है। कानपुर के हालात खराब हैं। सैंकड़ों घरों में पानी दहलीज तक पहुंच गया है। फसलें चौपट हो गई है लेकिन फिर भी प्रशासन पर लोगों का पूरा भरोसा है। मुआवजा राशि के लिए योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई चिंता नहीं है। गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वही शुक्लागंज में भी बाढ़ की स्थिति है। 700 बीघा से ज्यादा फसल, अमरूद के बाग और 7 सौ से ज्यादा मकान बाढ़ की चपेट में है। किसानों की हालत खराब हो रही है। फसलें बर्बाद होने और बाढ़ के पानी की भयावहता से आम नागरिक परेशान है। कानपुर में करीब 13 वर्ष बाद गंगा ने रौद्ररूप दिखाया है। चैनपुरवा गांव पिछले पांच दिनों से बाढ़ की चपेट में है लोगों ने अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। कानपुर के आसपास के गांवों में भी परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रशासन को सबसे पहले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजकर उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था करनी होगी। हताहत लोगों को भरोसा दिलाना होगा। गांव के जलस्तर के बढ़ने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। पानी के भय से लोग छतों पर चढ़ कर रात बिताने के लिए मजबूर हैं। इस साल हर राज्य की यह स्थिति बनी है तो कई राज्यों में बारिश का अभाव भी है। कुदरत के आगे लाचार बना हुआ आदमी आगे के लिए सोच भी नहीं सकता है। पानी में डूबने से छप्पर टूट चुका है। घरों में अंदर तक पानी पहुंच चुका है। कुदरत की मार से खड़े नहीं हो पा रहे है। कटान से जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मूसलाधार बारिश से जलस्तर छोड़ने के कारण समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल में पानी घुसने से बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र में पढ़ा रहे है। प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन ने 63 चौकियां बनाई है।

### चन्द्रयान 3 की लैंडिंग का बेसब्री से इंतजार

भारत की सफलता का नजारा दुनिया निहारेगी भारत की कामयावी सातवें आसमान पर है। दुनिया की ताल से ताल मिलाने और दुनिया से दो कदम आगे बढ़ने की जिज्ञासा वैज्ञानिकों के दिल में है। चन्द्रयान 3 की लैंडिंग की तैयारी कर रहा है, उस घड़ी का हर एक को बेसब्री से इंतजार हर भारतवासियों को है। उस क्षण की खुशी की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत ने 2008 में हरिकोटा से भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन सतीश धवन से अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया। अंतरिक्ष यान चांद की 3400 परिक्रमाएं की और 312 दिन काम करता रहा। वैज्ञानिकों ने इसके बाद भी प्रयास जारी रखा और चन्द्रयान 2 की लॉन्चिंग पहली बार 2018 में हुई थी। उसकी तारीख बदल कर 31 जनवरी कर दी गई। चन्द्रयान ने पृथ्वी के चार चक्कर लगाए थे। भारत अब मिशन चन्द्रयान 3 का इतिहास रचने के करीब पहुंच गया है। इसरो ने घोषणा की है कि विक्रम 23 अगस्त को उतरने की पूरी संभावना है। 23 को लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उधर रोसकोसमॉस लूना चन्द्रमा की सतह से टकरा गया। तकनीकी खराबी बताई जा रही है। लेकिन भारत की सिद्धि पर दुनिया की नजर है।

जनता मोदी योगी की लोकप्रियता के दीवाने हैं। लोगों को लुभा रही है पीएम मोदी और सीएम योगी और चन्द्रयान 3 की नई डिजाइन वाली राखियां। बहनें सोने-चांदी से बनी महंगी राखियां खरीद रही हैं। इस बार राम मंदिर और चन्द्रयान को लेकर काफी उत्सुकता है। इस वर्ष ज्वेलर्स द्वारा खास राखी डिजाइन की जा रही है। इसमें पीएम मोदी, सीएम योगी, राममंदिर और चन्द्रयान 3 की डिजाइन वाली राखियां की छवि सोने चांदी के सिक्कों में चमक रही है। सोने के सिक्के में बनी राखी की कीमत 7 हजार से एक लाख 20 हजार तक है, जबकि चांदी में बनाई गई राखी की कीमत एक हजार से प्रारंभ होती है। गुजरात में यह इस तरह की राखी का क्रेज देखने को मिल रहा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# घर के इकलोते चिराग को सर्प ने डसा, हुई मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** शाहनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम उमरिया ढूडी मे नागपंचमी की रात करीबन दो बजे अठारह वर्षीय युवक गोलु आदिवासी पिता बद्धे आदिवासी परिजनों के साथ सो रहा था तभी खपरैल घर के बाडी से घुसे काले नाग ने डस लिया जिसकी जानकारी युवक ने परिजनों को दी। जानकारी लगते ही परिजन शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये लेकिन रास्ते मे ही ईलाज के पूर्व ही उसकी मौत हो गई। उक्त घटना से घर के एक लोते बेटे की मोत हो जाने से घर का चिराग बुछ गया। पूरे गांव मे शोक का माहोल कायम है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है। वर्तमान समय में पन्ना जिले में सर्पदंश से भारी मौते हो रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्राम बरतला में एक युवक द्वारा नाईलोन की रस्सी बांधकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार अनिल दुबेदी पिता अश्वनी दुबेदी उम्र 32 वर्ष के द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है।

फिलहाल किन कारणो के चलते फांसी लगाई है पुलिस विवेचना कर रहें है। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौप दिया गया है।

## नपाध्यक्ष ने विधायक कप का किया उद्घाटन



**पन्ना, देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण संचालनालय के निर्देशानुसार स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय ने विधायक कप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मो. अहमद खान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायक कप के तहत कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक की अनुशंसा अनुसार बालक वर्ग में फुटबाल और बालिका वर्ग में कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है। आज बालक वर्ग में खेल विभाग पन्ना और बृजपुर टीम के मध्य हुए पहले फुटबाल मैच में बृजपुर की टीम विजेता रही। दूसरा मैच मझगवां और जावेद इलेन के बीच खेला गया।

# राकेश शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी बने



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा द्वारा वरिष्ट पत्रकार राकेश शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। श्री शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर पार्टी के वरिष्ट नेताओं कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालो में पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यारानी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष शारदा पाठक, प्रदेश कांग्रेस सदस्य श्रीकांत दीक्षित, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य वीरेन्द्र द्विवेदी, राम किशोर मिश्राए पवन जैन सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पार्टी पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ, इष्ट मित्रो ने शुभकामनाए देते हुए बधाई दी।

## स्कूटी वितरण कार्यक्रम 23 को

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार 23 अगस्त को स्थानीय टाउन हॉल में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्कूटी वितरण का कार्यक्रम होगा। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2022-23 की हायर सेकेण्डरी के मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण टॉपर्स विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण करेंगे। जिले के 113 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। 109 विद्यार्थियों को पेट्रोल स्कूटी और 4 विद्यार्थियों को ई.स्कूटी वितरित की जाएगी। पेट्रोल स्कूटी की अधिकतम कीमत 90 हजार रूपए और ई.स्कूटी की अधिकतम कीमत 1 लाख 20 हजार रूपए है। इस मौके पर छात्र छात्राओं सहित अभिभावक उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा ने बताया कि शहडोल में मुख्यमंत्री श्री चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पन्ना नगर को छोड़कर सभी शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राएं और अभिभावक देख सकेंगे।

## जिला चिकित्सालय में सी आर्म मशीन उपलब्ध

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन द्वारा अस्थि रोग संबंधी ऑपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में अत्याधुनिक सी आर्म मशीन उपलब्ध कराई गई है। इससे ऑपरेशन के दौरान हड्डी या अंदर की जगह स्क्रीन पर दिखने के कारण ऑपरेशन की गुणवत्ता बहुत अच्छी हो जाती है। सिविल सर्जन एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा सी आर्म मशीन से मरीज मुन्नी बाई मिश्रा का सफल आयोजन किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। भविष्य में भी लोगों को इसका लाभ मिलेगा।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम VYANKAT SHARAN MISHRA था। वर्तमान में मेरा नाम VYANKAT MISHRA हो गया है। अब मुझे VYANKAT MISHRA के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावें।

VYANKAT MISHRA
DILAKHEDI BANDA
(BELAI) DISTT.
SAGAR(M.P.) 470335


# नाबालिग वाहन चोर गिरफ्तार, तीन वाहन बरामद



**भोपाल, देशबन्धु।** गौतम नगर पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। दोनों वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने का काम करते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 1.50 लाख रुपए कीमत के तीन वाहन जब्त किए हैं। आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रेशम केंद्र गोल घेरे के पास से दो नाबालिक बालक प्लेटीना बाइक स्क्क04-त्तझ-7168 से संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं। दोनों वाहन को बेचने की बातें कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस टीम को रवाना किया गया। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि बाइक चोरी की है। जिसे आरिफ नगर मस्जिद के पास शुक्रवार को चुराया गया था। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने दो अन्य वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर एक मोपेड, दो बाइक जब्त की गई हैं। बरामद चोरी के वाहनों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों बालक गौतम नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## पुजारी से मारपीट

बैरसिया थाना इलाके में तरावली के हरिसिद्धि मंदिर के पुजारी के साथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा पूर्व में समिति से निकाल दिए गए युवक ने मारपीट कर दी। साथ ही उनकी कुटिया का दरवाजा भी तोड़ दिया।बैरसिया थाना प्रभारी दिलीप जैसवाल ने बताया कि पिंटू गोस्वामी नाम का युवक पहले मंदिर में पूजा-पाठ में मदद किया करता था। गलत आदतों के कारण करीब छह माह पहले मंदिर ट्रस्ट ने उसे मंदिर समिति से निकाल दिया था। इसके बाद भी वह मंदिर के काम में जबरन हस्तक्षेप करता था। पिंटू ने मंदिर में आरती की थाली से रुपये उठा लिए। महंत गुलाब पुरी ने विरोध किया तो पिंटू ने तलवार दिखाते हुए महंत के साथ मारपीट की और उनकी कुटिया का दरवाजा तोड़ दिया था। महंत की शिकायत पर पिंटू के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ करने का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# उखड़ी सड़कों के विरोध में किया प्रदर्शन, गड्ढों की नपाई



**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के जोन क्रमांक 13 में स्थित अमराई क्षेत्र के आसपास के रहवासी उखड़ी सड़कों से परेशान हैं। इसकी मरम्मत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चक्कर भी लगाए। आयुक्त और महापौर से भी शिकायत की। जब कोई असर नहीं हुआ तो सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अधिकारियों ने यहां भी बिना निराकरण शिकायत को फोर क्लोज कर दिया। इससे परेशान होकर लोग सड़क पर उतर आए और रविवार को इंच-टेप लेकर गड्ढों की नपाई की। इस दौरान 50 से अधिक रहवासियों ने हाथ में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया।

अमराई के आसपास क्षेत्रों में बीते दो से तीन वर्षों से सड़क निर्माण और मरम्मत का कार्य नहीं किया। एक वर्ष पहले से रहवासी इन सड़कों की मरम्मत की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन निर्माण और मरम्मत तो दूर इन गड्ढों में मलबा भी नहीं भरा गया। अब ये गड्ढे 15 से 20 फीट लंबे - चौड़े हो गए हैं। अमराई के सामने नाग मंदिर से महक ट्रेडर्स तक करीब 800 मीटर सड़क में ही 50 से अधिक गड्ढे हैं। इस सड़क से निकलने पर जहां वाहन चालकों को दुर्घटना का डर लगा रहता है तो वहीं राहगीरों को कीचड़ से होकर निकलना पड़ता है। यहां के रहवासी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 55 के अमराई क्षेत्र में अधिकतर सड़कें जर्जर हैं। जिम्मेदार एजेंसियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगने के बाद भी जब कुछ नहीं हुआ तो मजबूरी में हम लोगों ने खुद के पैसे इकठ्ठे कर सड़कों के गड्ढे भरवाए। लेकिन वर्षा में फिर से मलबा बह गया। लेकिन अब नगर निगम के अधिकारियों ने सुध नहीं ली। इससे परेशान होकर लोग सड़क पर उतर आए और रविवार को इंच-टेप लेकर गड्ढों की नपाई की।

इस दौरान 50 से अधिक रहवासियों ने हाथ में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने तख्तियों में जनता करती है पुकार, अच्छी सड़क दे सरकार और अच्छी सड़कें हमारा अधिकार, गड्ढों से निजात दे सरकार समेत अन्य नारे लिख रखे थे। साथ ही एक बड़े पोस्टर में सड़क के गड्ढों को भरने की अपील के साथ जिम्मेदार को आंखे खोलने की चेतावनी दी गई थी।

# शरणागत हुए बिना परिवर्तन संभव नहीं : मंदाकिनी



**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के श्यामला हिल्स तुलसी मानस प्रतिष्ठान में प्रतिष्ठा आयोजन तुलसी जयंती समारोह आयोजति हो रहा है।

मानस प्रतिष्ठान के पूर्व कोषाध्यक्ष माधुरीशरन अग्रवाल की पुण्य स्मृति में समर्पित समारोह के द्वितीय दिवस दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर ने प्रवचन विषय जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरु देव की नाई। के अंतर्गत कहा कि जब त्रिभुवन गुरु रूद्रावतार हनुमानजी जैसे पूर्ण सामर्थ्यशाली गुरु प्राप्त करके भी बाहुबली दस-बुध्दि रावण में यदि परिवर्तन नहीं आया, इस सत्य को इंगित करना है कि यदि शिष्य में शिष्यत्व के लक्षण नहीं होगें जैसे पात्र मलिन और छिद्र होने पर कोई भी वस्त उसमें डालने पर व्यर्थ हो जायगी। वैसे ही शिष्य को गुरु में संपूर्ण विश्वास रखकर शरणागत हुए बिना परिवर्तन संभव नहीं। यह विचार दीदी मंदाकिनी रामकिंकर ने ने श्रोता समुदाय के समक्ष प्रगट किए।

दीदी मंदाकिनी ने कहा कि आज कल की आधुनिक षिक्षा प्रणाली मैकाले के द्वारा अंग्रेजों के द्वारा बनाई गई है, जबकि भारत वर्ष की सनातन धर्म की जो अनादि दिव्य गुरु-शष्यि परंपरा है जिसके बच्चों को दीक्षित किया जाता था। दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। जर्मनी का क्रूर नेता एडाल्फ हिटलर और संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदासजी का उदाहरण देते हुए दीदी ने समझाया कि दोनों की ही प्रारंभिक-बाल्यावस्था एक जैसी थी अत्यन्त प्रतिकूल, कठोरतापूर्ण और नकारात्मक भरी थी। पर यदि उस नकारात्मकता ने हिटलर के अवचेतन मन पर इतना बुरा प्रभाव छोड़ा- जो घृणा और नफरत से भरी गया और विश्व युध्द का मुख्य कारण बना, वही पर गोस्वामी तुलसीदास विश्व वंदय सेतु बन गए और ऐसे कालजयी ग्रन्थ के रचयिता बन गए कि आज 500 वर्षों में असंख्य लोग उनका आश्रय लेकर भवसागर तर गए। उसका संपूर्ण श्रेय इस गुरू-शिष्य परंपरा को जाता है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ / स ) संभाग क्रं. 1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-15/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 17.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWDRB_299369_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग बण्डा के अन्तर्गत मटेरियल एकत्रीकरण का कार्य अनु. लागत 15.00 लाख | सागर | 1500000/- | 30000/- | 2000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2023_PWDRB_299371_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग बण्डा के अन्तर्गत पुल-पुलियों, रिपटा मरम्मत एवं हेलीपेड मरम्मत कार्य अनु. लागत 20.00 लाख | सागर | 2000000/- | 40000/- | 2000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2023_PWDRB_299373_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग बण्डा के अन्तर्गत आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं डिपाजिट कार्य अनु.लागत 40.00 लाख | सागर | 4000000/- | 50000/- | 5000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 4 | 2023_PWDRB_299374_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग बण्डा के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं डिपाजिट कार्य अनु.लागत 40.00 लाख | सागर | 4000000/- | 50000/- | 5000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | 11500000/- | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 18.08.2023 समय 10.00 से दिनांक 01.09.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट साईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

जी-18638/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. ( भ./स. ) संभाग क्रं.1 सागर**



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रं./नामा.शा./न.नि./2023/34 सागर दिनांक 21.08.2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/ प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते है।

| क्रं. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 661/ 23-24 | पंतनगर | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, खसरा बी-1 | दामोदर प्रसाद स्व. बाबूलाल पटेल | रुपाली पति गोपीनाथ मोहित |
| 2 | 662/ 23-24 | पंतनगर | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, खसरा बी-1 | दामोदर प्रसाद स्व. बाबूलाल पटेल | बेबी पति कमल कुमार जैन |
| 3 | 663/ 23-24 | तिलकगंज | मृत्यु प्रमाण पत्र,शपथ पत्र, टैक्स रसीद | स्व.दीपक पिता स्व. कामता प्रसाद केशरवानी | राजकुमारी बेवा दीपक, आकाश एवं अजय पिता स्व. दीपककुमार केशरवानी |
| 4 | 664/ 23-24 | तिली | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, खसरा बी-1 | पुरुषोत्तम पिता बलराम चौरसिया | शोभा पुत्री छोटेलाल श्रीवास |
| 5 | 665/ 23-24 | दयानन्द | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, तफशीश नकल | स्व.सुशील पति स्व. सुरेश चन्द्र जैन | रमेश, कमला एवं विमला पिता स्व. कन्हैयालाल जैन |
| 6 | 666/ 23-24 | चन्द्रशेखर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | शोभाराम पिता जमना प्रसाद पटेल | मीराबाई पति शोभाराम पटेल |
| 7 | 667/ 23-24 | इन्द्रनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, | कमल किशोर पिता बच्चूमल हिन्दूजा | आशुतोष पिता सुरेश कुमार सराफ (सोनी) |
| 8 | 668/ 23-24 | रविशंकर | अंकसूची, शपथ पत्र टैक्स रसीद | संजीव, संदीप ना.बा.बली मंगली प्रसाद बली | संजीव, संदीप पिता स्व. मंगली प्रसाद ताम्रकार |
| 9 | 669/ 23-24 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | भरत पिता स्व.लोकमन, सौरभ ना.बा. वल्द स्व. लोकमन बली मां लक्ष्मीबाई, लक्ष्मीबाई बेवा लोकमन, लक्ष्मी बेवा बाला प्रसाद, जगदीश पिता स्व. बालप्रसाद कोरी | सरोज पति राजेश ताम्रकार |
| 10 | 670/ 23-24 | रविशंकर | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, टैक्स रसीद | मुन्नीबाई बेवा मुन्नालाल, संतोष, पुष्पेन्द्र पिता स्व. मुन्नालाल पटैल | संजीव पिता मंगली ताम्रकार |

कृते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, सागर


## अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** पिपलानी इलाके में शनिवार देर रात एक साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, उसे घायल अवस्था में एंबुलेंस से एम्स भिजवाया। जहां कुछ ही देर बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। उनके परिजन बाहर हैं, उनके भोपाल पहुंचने के बाद युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार पराग साहनी उम्र 38 वर्ष विकास नगर, गोविंदपुरा में रहता था। वह मिनाल गेट के पास निजी कंपनी में ग्राइंडर चलाता था। शनिवार को वह साइकिल से काम पर जाने का कहकर निकला था। रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास उसे कुछ राहगीरों ने इलाहबाद बैंक के सामने मुख्य सड़क पर घायल अवस्था में देखकर एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस उसे तत्काल एम्स लेकर पहुंची थी। एम्स पहुंचने पर कुछ ही देर बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## कार्यालय कलेक्टर जिला पन्ना (म.प्र.)

क्रं./478/श.वि.अभि./ अभि.प्रका./2023 पन्ना दिनांक 21.08.2023

### द्वितीय सार्वजनिक सूचना

### नगर पालिका ( कॉलोनी विकास नियम 2021 नियम 23 ( 4 ) के अंतर्गत

नगर पालिका परिषद पन्ना सीमा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 31.12.2016 के पूर्व अस्तित्व में आयी कालोनियों में नागरिक अधोसंरचना एवं भवन अनुज्ञा प्रदान करने के लिये चिन्हित की गई है। चिन्हित की गई 27 कॉलोनियों में से 12 कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के प्रयोजन से प्रथम सूचना का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर की सार्वजनिक सूचना क्रं./383/श.वि. अभि./अभि.प्रका./2023 पन्ना दिनांक 29.07.2023 के द्वारा प्रारुप अभिन्यासो का प्रकाशन किया गया था, उक्त 12 कॉलोनियों की द्वितीय सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (4) के माध्यम से प्रकाशन किया जाता है, कॉलोनियों का विवरण निम्नानुसार है

| क्रं. | कॉलोनी का नाम | ग्राम/प.ह.नं./ सर्व क्रमांक | कुल रकबा (हे.में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आनंदी लाल पिता कल्लू गडरिया | खसरा क्रं. 283, 291, 243 | 0.614 |
| 2 | पद्मावती-श्रीमती मालती अग्रवाल पुत्री नर्मदा अग्रवाल टिकुरिया | खसरा क्रं. 2976 एवं 2977 | 0. 870 |
| 3 | राजा भैया, महादेव, चुन्नी लाल पिता रामप्रसाद बेनीसागर | खसरा क्रं. 1867 | 1.000 |
| 4 | रज्जू कुशवाहा पिता अन्ती कुशवाहा बगैरह बेनीसागर | खसरा क्रं. 746,748, 749, 750, 751, 752 एवं 753 | 1.693 |
| 5 | नवीन चन्द्र दीवान पिता शमसेर चन्द्र दीवान बेनीसागर | खसरा क्रं. 763 | 0. 802 |
| 6 | शेखर मकबूल पिता मन्जे बेनीसागर | खसरा क्रं. 1782 | 0. 757 |
| 7 | श्रीमती लक्ष्मीकुमारी पति श्री चन्द्रकान्त सिंह | 1464/2, 1466, 1465 | 0. 760 |
| 8 | श्री विजकांत थापक पिता श्री मोतीलाल थापक | 1677 | 0.304 |
| 9 | मोहम्मद उवैस सिद्वीकी पिता मोहम्मद खलीक सिद्वीकी | 1959/2/1, 409/3/1/1/1/1 | 0.8870 |
| 10 | श्रीमती शशिबाला नायक पति वंशगोपाल बगैरह | 297 | 0.3240 |
| 11 | श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता पिता श्री भगवानदास गुप्ता | 2859/6/1 | 1.012 |
| 12 | ज्वाला देवी कॉलोनी- नीता सिहं एवं सकील मोहम्मद रानीगंज | खसरा क्रं. 2749 एवं 2751 | 0. 280 |

उपरोक्त 12 कॉलोनियों के प्रारुप अभिन्यास का अवलोकन नगर पालिका परिषद की तकनीकी शाखा में किया जाकर आपत्ति तथा सुझाव सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि तक तकनीकी शाखा से कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोड़कर लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है।

**हरजिंदर सिह**
**कलेक्टर**
**जिला पन्ना**

जनपद की जमीन पर नगर परिषद का अतिक्रमण

# 20 लाख रुपए खर्च करके निर्मित कराई जा रही दुकानें, तहसीलदार का स्टे भी बेअसर



अखंड यादव

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर परिषद की मनमानी और तानाशाही के चर्चे आम हो गए हैं। जनपद पंचायत और तहसील कार्यालय के बाहर नगर परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण किया जा रहा है जिस पर जनपद अध्यक्ष द्वारा तहसीलदार से स्टे लिया गया है। तहसीलदार द्वारा जारी किए गए स्टे को नगर परिषद के कर्मचारी और ठेकेदार तवज्जो नहीं दे रहे हैं। स्टे होने के बाद भी दुकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद द्वारा जनपद की जमीन पर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसके खिलाफ जनपद अध्यक्ष उज्जवला रविंद्र सिंह बुंदेला द्वारा बल्देवगढ़ तहसीलदार को पत्र लिखकर निर्माणाधीन दुकानों पर स्टे लगवाया गया है, जिसके बाद तहसीलदार द्वारा स्टे आदेश जारी कर नगर परिषद सीएमओ को काम पर रोक लगाने के लिए आदेश किया गया था। स्टे कॉपी में लिखा गया कि भूमि खसरा नंबर 1825/1 अनुविभागीय अधिकारी तहसील कार्यालय एवं जनपद कार्यालय के नाम कंप्यूटर में दर्ज है। उक्त जमीन पर नगर परिषद द्वारा गड्ढे खोदकर पिलर खड़े कर दुकानों का निर्माण किए जाने से तहसील एवं जनपद कार्यालय आने वाले लोगों को परेशानी होगी और यातायात बाधित होगा इसलिए नगर परिषद द्वारा की जा रहे दुकानों के निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। तहसीलदार की रोक के बाद भी दबंगी से ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।



### जनपद अध्यक्ष ने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

जनपद अध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि न्यायालय तहसील द्वारा 17 अगस्त 2023 को जनपद कार्यालय के बाहर नगर पालिका द्वारा निर्माण कि जा रही दुकानों पर स्टे का आदेश जारी किया गया था। न्यायालय तहसील के आदेश के बावजूद भी नगर परिषद के द्वारा दबंगई के साथ दुकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, शिकायत पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

### इनका कहना है

जनपद कार्यालय के बाहर नगर परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण किया जाना पूरी तरह गलत है। वह जमीन जनपद कार्यालय की है। तहसील कार्यालय से स्टे होने के बाद भी नगर परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दुकानों का निर्माण बंद नहीं किया जाता तो हाई कोर्ट की शरण लेंगे।

**श्रीमती उज्जवला रविंद्र सिंह बुंदेला** जनपद अध्यक्ष बल्देवगढ़

तहसील कार्यालय से स्टे आदेश प्राप्त होने के बाद जवाब भेज दिया गया है। वह शासन की जमीन है और नगर पालिका ही वहां निर्माण कर रही है। वहां के विकास के लिए नगर परिषद द्वारा 20 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, फिलहाल अभी काम बंद करने के लिए ठेकेदार को बोला गया है।

**अरविंद तिवारी** सीएमओ नगर परिषद बल्देवगढ़

तहसील कार्यालय और जनपद कार्यालय के बाहर नगर परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर मेरे द्वारा रोक का आदेश जारी किया गया था। अभी में टीकमगढ़ हूं, कल जाकर देखूंगा।

**महिपाल सिंह प्रजापति** प्रभारी तहसीलदार बल्देवगढ़

में अभी निर्वाचन की मीटिंग में व्यस्त हूं, कृपया अभी मेरा वर्जन ना लें।

**विजय सेन एसडीएम** बल्देवगढ़

# जनपद सीईओ ने निलंबन करने लिखा पत्र, जिला पंचायत अधिकारी नहीं दे रहे तवज्जो




### सूचना के अधिकार के जानकारी देने से कतरा रहे ग्राम सचिव

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलसी, भानपुरा और फुटेर चक्र के सचिवो द्वारा सूचना का अधिकार तहत आवेदक को जानकारी प्रदान नहीं करने पर प्रथम अपील सुनवाई के बाद जनपद पंचायत सीईओ प्रभाषराज घनघोरिया ने इन ग्राम ग्राम पंचायतों के सचिवो का निलंबन करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजकर अनुशंसा की गई थी। सीईओ द्वारा अनुशंसा पत्र भेजे जाने के 10 दिन बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत द्वारा इन सचिवों पर कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण यह नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आवेदक द्वारा सूचना के अधिकार का आवेदन ग्राम पंचायत भेलसी, भानपुरा और फुटेर चक्र 01 के सचिवों को देकर ग्राम पंचायत से संबंधित जानकारी मांगी गई थी। समय सीमा में सचिवो द्वारा जानकारी प्रदान नहीं किए जाने पर प्रथम अपील जनपद सीईओ के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। अपील पर सुनवाई के दौरान भी यह सचिव जनपद पंचायत में उपस्थित नहीं हुए। आवेदन कर्ता को जानकारी देने के लिए जनपद सीईओ द्वारा बार-बार इन सचिवों को पत्र जारी किए गए। सचिवों द्वारा आवेदक को जानकारी नहीं देने के कारण एवं सूचना के अधिकार के नियमों का उल्लंघन करने पर इन तीनों सचिवों पर निलंबन की कार्यवाही के लिए जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजकर निलंबन करने की अनुशंसा की गई है। जनपद सीईओ के पत्र के बाद भी इन सचिवों पर जिला पंचायत के अधिकारी मेहरबान होकर कार्यवाही करने कतरा रहे हैं।

## अवैध कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए कस्बे से एक युवक के कब्जे से अवैध देशी कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी बंडा पुल मुहल्ला दिगौड़ा अपने घर के सामने कुप्पी में शराब बेचने के लिए रखे हुए था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ से बनी हुई शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, आरक्षक अजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

## पूर्व सरपंच को परेशान करने विरोधी कर रहे झूठी शिकायतें

**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गौना में पूर्व सरपंच के कार्यकाल में सीसी सड़क का निर्माण किया गया था। पूर्व सरपंच से विरोध रखने वाले कुछ ग्रामीणों ने सीसी सड़क का निर्माण न किए जाने की शिकायत की थी। उक्त शिकायत की जानकारी जुटाए जाने पर मौके पर सीसी सड़क का निर्माण पाया गया। बताया गया है कि लगातार झूठी शिकायतों को लेकर ग्राम पंचायत गौना में किए गए निर्माण कार्यों की प्रताड़ित करने के उद्देश्य से शिकायतें की जा रही हैं। पूर्व सरपंच ने इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मेरे कार्यकाल में सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। जिसकी सत्यता ग्राम पंचायत में देखी जा सकती है। उन्होंने बताया कि द्वेष भावना रखते हुए इस तरह की फर्जी शिकायतें कर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।

# नवविवाहिता की मौत का मामला: परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**पलेरा,देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बूदौर में एक नवविवाहित महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेरोन सिमरा तहसील पृथ्वीपुर निवासी रागिनी अहिरवार उम्र 20 वर्ष की शादी 3 माह पूर्व पलेरा के नजदीक बूदौर गांव में हुई थी। बीते रविवार की सुबह नवविवाहित महिला का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। मृतक के पति एवं ससुर ने इसकी सूचना पलेरा थाने को दी। मौके पर पहुंचे एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, तहसीलदार अवंतिका तिवारी एवं थाना प्रभारी चंदन सिंह ने मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर मृतका के परिजन राजू अहिरवार ने बताया कि यह पूरा मामला हत्या का है। उन्होंने बताया कि नवविवाहित महिला का पति शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता था। मृतक महिला के परिजनों द्वारा आरोप लगाया गया है कि उक्त पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की जाए। परिजनों की ओर से लगाए गए आरोप में बताया गया कि नवविवाहित महिला की शादी को सिर्फ 3 माह ही हुए थे। उन्होंने बताया कि



ससुराल पक्ष की ओर से पैसे की मांग भी की जाती थी। ज्यादातर ससुराल पक्ष वाले हमारी बच्ची से बात भी नहीं करते थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल करने में जुट गई है।

टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

# सड़क पर विचरण करने वाले गौवंश का गौशालाओं में किया जाए संरक्षण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन प्रकरणों का निराकरण अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरण को अधिकारी स्वयं गंभीरतापूर्वक संबंधित शिकायतकर्ता से बात करके निराकरण करायें, कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट ना रहे इसका भी ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सड़क पर विचरण करने वाले गौवंश को गौशाला तक ले जाने तथा ग्रामीण गौवंश रक्षक सदस्यों के साथ मिलकर गौवंश का संरक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके लिये विकासखण्ड तथा ग्रामीण स्तर पर गठित की गई समितियों को दिये गये दायित्वों के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं समितियों को गौवंश के लिये पानी, चारे सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिये। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने तालाबों में मत्स्य उत्पादन की आदर्श स्थिति बनाने के प्रयास करने तथा तालाबों पर चल रहे विवादों को निपटाने के निर्देश दिये। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान पानी की टंकियों का स्थान चयन करने, पानी के अपव्यय को रोकने तथा जलाशयों के समीप स्थान पर छोटे पौधे लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने 23 अगस्त को स्कूटी वितरण कार्यक्रम, सीखो-कमाओ योजना अंतर्गत कार्यक्रम तथा 24 अगस्त को आयोजित रोजगार दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 22 अगस्त को द्वारका तीर्थदर्शन करने जाने वाले जिले के चयनित तीर्थयात्रियों के लिये स्टेशन पर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मलेरिया और डेंगू का डेटा एनालसिस करें तथा लोगों को जागरूक कर भ्रांतियां दूर करें। साथ ही शहरी क्षेत्रों में लार्वा विनिष्टीकरण का कार्य भी और अधिक गति से करायें। साथ ही इस हेतु सेंपल लेने के अलावा निरीक्षण कर सभी टंकियां साफकरायें तथा स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर ने मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेते हुए मतदान केन्द्र की सुविधाओं संबंधी समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थायें पूर्णत: सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों में पानी की यदि कोई कमी हो, उसकी व्यवस्थायें करें तथा सेक्टर अधिकारी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ें तथा जितने भी अधिकारी/कर्मचारी अभी नये आये हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाये। जेंडर रेसियो को ठीक करने के लिये पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, जीएमडीआईसी राजशेखर पांडे, ईई पीएचई जितेन्द्र मिश्रा, आरईएस श्रीमती नम्रता पंद्रे, सीएमएचओ डॉ. एसआर रोशन, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डीके विश्वकर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, सहायक संचालक मत्स्य विभाग आरके मिश्रा, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट करके वीडियो वायरल करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** थाना प्रभारी देहात को सूचना प्राप्त हुई थी एक युवक की मारपीट कर उसका वीडियो वायरल किया गया है। जिस पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 209/23 धारा 327, 294, 323, 452, 506, 34 आईपीसी का कायम कर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को अवगत कराया गया। जिसे पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा गंभीरता से लेते हुए उक्त मारपीट कर वीडियो वायरल करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम सासत्या, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में उक्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में थाना दिगौड़ा



पुलिस द्वारा दिनांक 19/08/23 को 25/27 आर्म्स एक्ट के मामले में तीन व्यक्तियों रतीभान घोष, दीपेश घोष, रवि यादव को गिरफ्तार किया गया। इन्हीं व्यक्तियों के द्वारा उपरोक्त मारपीट कर वीडियो वायरल किया गया था। जिससे थाना देहात में पंजीबद्ध अपराध 309/23 में उपरोक्त आरोपियों की गिरफ्तारी शुमार की गई।

## 2 हजार रुपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा फरार/ईनामी वारंटीयो एवं आरोपियो को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना चंदेरा पुलिस द्वारा थाना लिधौरा के अपराध क्रमांक 105/13 में 2 हजार रुपये के ईनामी फरार आरोपी रामकुमार पिता पददे अहिरवार निवासी कछियागुड़ा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है।




# कांवड़ यात्रा में जमकर नाचे पूर्व विधायक कृष्ण कुमार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव श्रावण मास के उपलक्ष्य में कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं। सोमवार को चौथे दिन की यात्रा बड़ागांव धसान से शुरू हुई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया। यात्रा में पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने जमकर नृत्य किया। यात्रा के संयोजक श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 15 सालों से सावन के महीने में कांवड़ यात्रा निकालते चले आ रहे हैं। इस बार 18 से लेकर 28 अगस्त तक टीकमगढ़ विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। 18 अगस्त को बान सुजारा बांध का जल भरकर यात्रा का शुभारंभ किया गया था। रविवार को बुड़ेरा से यात्रा शुरू की गई। इसके बाद पुरेनिया, नन्ही टेहरी, लच्छनपुरा होते हुए लार गांव में रात्रि विश्राम होगा। सोमवार को बड़ागांव से यात्रा शुरू कर भैंसवारी, वीरनगर, सुखलाई, ककरवाहा, ऊमरी, हैदरपुर, डूंडा होते हुए अंतोरा पहुंची। अंतौरा में रात्रि विश्राम किया गया। इसी तरह हर दिन आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए 28 अगस्त को टीकमगढ़ नगर की परिक्रमा लगाकर शिव धाम कुंडेश्वर में कांवड़ यात्रा का समापन होगा।



## चौरसिया समाज ने नाग पंचमी पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर में नागपंचमी चौरसिया समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ चौरसिया मंदिर से किया गया। जगह-जगह पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मुख्य मार्गो से होते हुए शोभा यात्रा का किला प्रांगण बलदाऊ जी मंदिर में पूजा पाठ किया गया। इसके बाद पुन: उसी मार्गो से होती हुई बमोरी तिगेला शंकर जी मंदिर मलवार माता मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां, घोड़ा बग्गी और घोड़े शामिल रहे, प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा चौरसिया, नंदी चौरसिया, लक्ष्मण चौरसिया, दीपू चौरसिया, पहलवान चौरसिया, राम गोपाल चौरसिया, लक्ष्मी चौरसिया, राजाराम चौरसिया, डॉक्टर चौरसिया इत्यादि अनेक सजातीय बंधु शामिल रहे।

एक दर्जन गांवो में निकाली गई स्नेह यात्रा

# वैचारिक मतभेद भुला कर संगठित रहें: प्रभु जी

टीकमगढ़, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के माध्यम से मध्य प्रदेश के सभी 52 जिलों में 16 से 26 अगस्त तक सभी विकासखंडों में स्नेह यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के इसी क्रम में जिले की ग्राम पंचायत बुदौर, महेबा चक्र, घूरा, गुडा नजदीक पाली, टोरी, पुरैनिया, रामनगर, टपरियन चौहान, लहर बुजुर्ग, सेपुरा तक स्नेह यात्रा निकली गई। स्नेह यात्रा में इस्कॉन मंदिर उज्जैन के श्रीपाद प्रभु प्रशांत नागर जी ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर वैचारिक भुला कर संगठित रहें। श्रीपाद सौम्या चेतन्य प्रभु जी ने कहा कि धीरे-धीरे समाज टूट रहे है, उनको संगठित करने की जरूरत है। श्रीपाद श्याम दर्शन प्रभु जी ने कहा कि समाज का चौमुखी विकास करने के लिए सरल जीवन पद्धति अपनाएं। विचार से पता चलता है कि हमें सदैव सादा जीवन जीना चाहिए। हम सभी को अपने जीवन में स्नेह का वातावरण परिवार के साथ बनायें रखें। आपका जीवन अमूल्य है, उसको प्रभु भक्ति में लगाएं। स्नेह यात्रा से प्रेरणा लेकर समाज में समरसता के भाव की सकारात्मक सोच के साथ वंचित समाज का उत्थान करें। म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने यात्रा के सम्बंध विस्तार से में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मध्य प्रदेश के सभी 52 जिलों में निकाली जा रही है। यह 16 से 26 अगस्त तक 11 दिनों तक सभी विकासखंडों में निकलेगी। इस यात्रा में विकासखंड समन्वयक राजकुमार जैन, नवांकुर समितियाँ, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियाँ, पतंजलि से नारायण दास वर्मा, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम सरपंच, शिक्षक उपस्थित रहे। संतों का जगह-जगह स्वागत किया गया।

## सार समाचार

### ट्रक की चपेट में आने से युवती की मौत

**दमोह देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ट्रक की चपेट में आ जाने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बेलाताल टापू मंदिर के सामने 23 वर्षीय सुप्रिया असाटी पिता केश कुमार असाटी इंदिरा कॉलोनी निवासी ट्रक की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। जिसके बाद पंचनामा कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।.

### आबकारी अपराधों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी

दमोह देशबन्धु। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नशा मुक्ति अभियान के परिपेक्ष्य मे आबकारी अपराधों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी हैं। इस सबंध में जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र खरे ने बताया आबकारी विभाग दमोह अंतर्गत वृत हटा में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम कुसमी, बगलवार, गाड़ा घाट में संदिग्ध रिहायशी क्षेत्र के मकानों की तलाशी लेने पर कुल 10 लीटर हाथभट्ठी महुआ मदिरा तथा 650 किलोग्राम महुआ लाहन विधिवत् जप्त कर कुल 03 प्रकरण धारा 34(1) (क), (च) आबकारी अधिनियम के पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही वृत हटा प्रभारी सुरेश कुमार गोंड द्वारा की गईस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक ज्ञानेंद्र ठकोरिया और नव आरक्षक बल शामिल रहे हैं।

अजाक्स संघ ने उठाई मांग

# सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**दमोह देशबन्धु।** अजाक्स संघ जिला दमोह ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स दमोह द्वारा बताया गया कि वर्तमान में आदिम जाति कल्याण (जनजातीय) विभाग ,शिक्षा विभाग छात्रावासों में 25 से 30 वर्षो से काम कर रहे अंशकालीन सफाई कर्मचारी जिनको वर्ष में मात्र 10 माह का वेतन 2500 रुपये मासिक दिया जाता है। देश आजादी के 77 वर्ष पूर्ण कर चुका है,देश की स्वच्छता और स्वास्थ्य की रीढ़ अंशकालीन सफाई कर्मचारी आज महंगाई के चलते दो वक्त की रोटी के लिये मोहताज है। वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, नगर परिषद, जनजातीय विभाग छात्रावास, शिक्षा आदि विभागों में आउट सोर्स भर्ती करके स्थाई पदों को समाप्त कर रही है। सरकार की मनमानी के चलते मध्यप्रदेश के 1998, 2001, 2006, 2009, 2013 में नियुक्त सभी अध्यापकों को नये शैक्षणिक संवर्ग में शामिल कर 2018 से कर्मचारी मानकर वरिष्ठता समाप्त कर दी गई है। ऐसे अनेकों कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। वर्तमान में समस्त सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अत: सीघ्र मांगे पूर्ण की जावे अन्यथा की स्थिति में अजाक्स संघ प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा जिसकी संम्पूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश शासन की होगी। इस अवसर पर जिला संरक्षक प्रताप रोहित, नारायण सिंह ठाकुर, मुन्नी लाल अहिरवार, महासचिव नारायण सिंह मराबी, राजू सनकत, जिला कोषाध्यक्ष तुलाराम अहिरवार, मन्नू लाल सपैरा सचिन करोसिया जिलाध्यक्ष अंशकालिन सफाई कर्मचारी संघ, सचिव पीएल अहिरवार, मोहन बाल्मीकि, लखन लाल अहिरवार, राजकुमार कछवाहा सहित महिला सफाई कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट विद्यालय अव्वल



**दमोह देशबन्धु। स्टार्स** प्रोजेक्ट के अंतर्गत कौशल प्रदर्शनी स्किल एक्सपो का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय जेपीवी उमावि विद्यालय दमोह में किया गया था, जिसमें जिले भर के समस्त व्यावसायिक शिक्षा संचालित स्कूलों के छात्रों द्वारा वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों द्वारा वर्किंग मॉडल तैयार किया गया साथ ही इस मॉडल का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी हेतु किया गया। मॉडल निर्माण करने वाले छात्रों को पुरस्कार 5000 एवम शील्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह मॉडल स्मार्ट रोड लाइट सिस्टम पर आधारित है। जिसमें आईटी ट्रेड के कक्षा 10 वी के विद्यार्थियों हर्ष अग्रवाल,अभिषेक गायकवाड ,अवधेश चौबे तथा निखिल भारती ने मार्गदर्शी शिक्षक राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। सभी छात्रों को इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एस. एल. अहिरवार , वरिष्ठ व्याख्याता आर .पी. पटेल, जिला व्यबसायिक समन्वयक तमसील कुरैशी एवं व्यबसायिक शिक्षा के नोडल अधिकारी शैलेंद्र दुबे ,आदित्य चौरसिया ,वीरेंद्र श्रीवास्तव, गोविंद दास रैदास ,एनसीसी ऑफिसर राकेश सिंह राजपूत ,शिक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने शुभकामनाएं दी। जिला स्तर पर चयनित इस मॉडल का प्रदर्शन राज्य स्तर पर किया जाएगा।

### महाप्रसाद और नि:शुल्क पौधों का वितरण किया



**दमोह, देशबन्धु।** नागपंचमी पर्व एवं सावन सोमवार के अवसर पर जटाशंकर धाम में सिद्धार्थ जयंत मलैया ने सपत्नि पूजा मलैया के साथ भगवान शिव का पूजन, अभिषेक, प्रसाद वितरण एवं मिशन ग्रीन 8 के तहत पौधों का वितरण किया । सिद्धार्थ मलैया ने नागपंचमी और सावन सोमवार की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विगत 8 वर्षों से मिशन ग्रीन दमोह द्वारा सावन सोमवार को नि:शुल्क पौधा वितरण किया जाता है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस बार पौधे वितरण के साथ महाप्रसाद का वितरण भी भक्तों को किया गया। इस आयोजन से हम सभी साथी संकल्प लेकर कोशिश करेगे कि आगामी आयोजनों में हम प्लास्टिक की कटोरी एवं प्लास्टिक की चम्मच का उपयोग नहीं करें। कार्यक्रम में रमन खत्री, पार्षद कपिल सोनी, मनीष तिवारी, अजय लोधी, संतोष रोहित, देवेंद्र सिंह राजपूत, अभिलाष मिंटू हजारी, लालू जैन, तरुण जैन, पार्षद मोनू राजपूत, नीलेश सिंघई, पंकज सेन, मयंक वाधवा, द्वारका पटेल, धर्मेंद्र अहीरवाल, डीके रोहित, सौरभ रोहित, देव रोहित, राजू नामदेव, हरी रजक, किस्सू खरे सहित बड़ी संख्या में मिशन ग्रीन दमोह की टीम उपस्थिति रही।

## वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वृद्धाश्रम में लगा स्वास्थ्य परीक्षण और विधिक जागरूकता शिविर



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिक दिवस पर स्थानीय वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश शरत चंद सक्सेना, जिला न्यायाधीश एवं सचिव अम्बुज पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बैक एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश शरत चंद सक्सेना ने वृद्धजनों को भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के बारे में बताते हुए कहा इस अधिनियम के अंतर्गत वृद्धजन अपने भरण-पोषण एवं अपनी सम्पत्ति सुरक्षा के लिए एस.डी.एम. की अध्यक्षता में गठित अधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, जिसका निराकरण यथा संभव 90 दिवस में किया जाना प्रावधानित है। उन्होने कहा कि बुढ़ापा, वृद्धावस्था जीवनकाल की ऐसी अवस्था है जो हर व्यक्ति के जीवन में आना तय है यदि कोई यह सोचता है कि वह अपने जीवन में वृद्ध नहीं होगा तो वह उसका सबसे बड़ा भ्रम है। वृद्धजनों को मात्र प्रेम एवं संवेदनशीलता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा वृद्धजन अपने जीवन में किये गये कार्यो के परिणाम से वाकिफ होते है, जब-जब नवयुवकों को कोई समस्या आती है, तो वृद्धजन अपने पुराने अनुभवों के आधार पर उन समस्याओं का निराकरण करने हेतु सरल एवं सस्ता मार्ग बताकर नवयुवकों को समस्या से निजात दिलाते है। ऐसे वृद्धजनों के लिये सभी लोगों को संवेदनशील होना आवश्यक है। जांच के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत एक महिला को बुखार व पैर में अधिक दर्द होने से जांच उपरांत जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अंत में वृद्धो को फल एवं दवाएं वितरित की गईं।

### टीबी फैमिली केयर गिवर मॉडल का दिया प्रशिक्षण

**दमोह देशबन्धु।** जिले में वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार नई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक पटेरा के हिंडोरिया में फैमिली केयर गिवर मॉडल का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जैम्स बेक एवं डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। डीपीसी दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक टीबी का उपचार ले रहे, टीबी मरीजों के लिए एक ट्रीटमेंट सपोर्टर नियुक्त किया जाता था, जो कि आशा कार्यकर्ता होती थी, लेकिन अब मरीज का ध्यान रखने के लिए उसी के परिवार से अथवा उसके किसी नजदीकी व्यक्ति को केयर गिवर का दायित्व सौंपा जाएगा, जो टीबी मरीज को भावनात्मक रूप से तो सपोर्ट करेगा ही, साथ ही साथ वह मरीज को इलाज पूर्ण करने, बीच में न छोड़ने, दवाइयों की जानकारी देने, पोषण आहार लेने आदि में भी सहायता करेगा। प्रशिक्षण के दौरान एसटीएस राजेश उपाध्याय, पटेरा ब्लॉक के एसटीएस प्रदीप राही ने मॉड्यूल अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया, उक्त प्रशिक्षण में ब्लॉक हिंडोरिया के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर उपस्थित रहे।



### आधी सड़क पर छाया रहता हैं अंधेरा

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** विगत वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा स्टेशन से थाना तिराहे तक सड़क सौंदर्यीकरण के लिए लगाई गई लाईटें महज शोपीस बनकर रह गई हैं। डिवाईडर के बीच में लगाई ज्यादातर लाईटें तो अक्सर बंद रहती हैं, जो चालू भी रहती हैं, वह भी आधी सड़क को रोशन करती है, जबकि आधी सड़क पर अंधेरा छाया रहता है। एक तरफ तो जनप्रतिधि विकास की दुहाई देते नहीं थकते वहीं। दूसरी तरफ सड़क के बीच की बंद पड़ी लाईटों को लेकर उनका रवैया उदासीन नजर आता है। ऐसे में किससे उम्मीद करें कि वह महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटों को चालू करवाएंगे। वहीं अन्य विकास कार्य की हकीकत की बात करें तो ये विकास कार्य स्वयं ही अपनी कहानियां बयां कर रहे हैं। सड़क की ही बात कर लीजिए वह जगह-जगह धंस गई कही-कही पेंचवर्क किया गया है।



### बाबा भोलेनाथ को 2 लाख 18 हजार बिल्वपत्र किए समर्पित



**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया स्थित दीनदयाल नगर श्री राम दरबार में नाग पंचमी एवं श्रावण मास के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने मंदिर के पुजारी केशव गोस्वामी के सानिध्य में नर्मदेश्वर महादेव को राष्ट्र एवं विश्व कल्याण की कामना को लेकर 2 लाख 18 हजार बिल्व पत्र समर्पित किये, सुबह से ही श्री राम दरबार में भक्तों की कतार देखी गई विधायक प्रदीप लारिया सहित श्रद्धालुओं लाइन में लगकर बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए और मंत्र उपचार के साथ उन्हें बिलपत्र समर्पित किया पं. केशव गिरी गोस्वामी ने बताया कि नाग पंचमी पर बाबा भोलेनाथ को सवा लाख बेल पत्र चलाने का लक्ष्य था लेकिन श्रद्धालुओं की श्रद्धा और समर्पण में इसे दोगुना कर दिया और सभी ने आगे आकर बाबा भोलेनाथ का 51 किलो दूध और दही से अभिषेक किया उन्होंने बताया कि भगवान सदाशिव को बिल्व पत्र अर्पित करने से सारे देवी देवता प्रसन्न होते हैं और अकाल मृत्यु का हरण होता है श्रद्धा पूर्वक भगवान भोलेनाथ माता पार्वती का पूजन करना विशेष फल दाई होता है जो भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ शिव आराधना करता है उसे 8400000 योनियों में फिर नहीं भटकना पड़ता हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण मास में सोमवार को सुबह 8 बजे से देर रात तक भोलेनाथ को बल्ब पत्र समर्पित और पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा।

### 45 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 2 वार्डो की डेयरी के 45 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया, जिनमें लक्ष्मीपुरा वार्ड स्थित डालचंद घोषी के 18 पशु एवं चंद्रभान घोषी के 17 पशु आमेट गांव नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किए गए। इसके अलावा डेयरी विस्थापन दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विभिन्न वार्डों में शेष रह गई डेयरियों के विस्थापन हेतु पशुपालकों को अतिशीघ्र पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने हिदायत दी। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार राजू रैकवार उमेश चौरसिया सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कावड़ यात्रा का शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत

### कांवड़ियों ने भूतेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**सागर, देशबन्धु।** समस्त प्रजापति समाज सागर एवं श्री लाला हरदौल मंदिर समिति संत कबीर वार्ड के तत्वावधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापति समाज के करीब 250 युवा मां नर्मदा का पवित्र जल लेने के लिए 18 अगस्त को बरमान पहुंचे थे उसके उपरांत मां नर्मदा का पवित्र जल कावड़ में लेकर पैदल यात्रा करते हुए 3 दिनों में सागर पहुंचे कावड़ियों के शहर पहुंचते ही शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इसके साथ सभी भक्तगण शोभायात्रा के रूप में के रूप में जिला पंचायत कार्यालय से गोपालगंज बस स्टैंड, परकोटा होते हुए तीनबत्ती, कोतवाली होकर मोती नगर चौराहे से भूतेश्वर मंदिर पर कावड़ के जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। श्री लाला हरदौल समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर प्रजापति ने बताया की मान्यता है कि सावन माह में भगवान शिव का अभिषेक करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। इसी को लेकर भक्त श्रद्धा भक्ति के साथ बरमान से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर पैदल चलते हैं और भूतेश्वर मंदिर स्थित भगवान श्री भूतेश्वर महादेव का अभिषेक करते हैं। इस दौरान प्रजापति समाज के साथ-साथ अन्य गणमान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ। कावड़ियों का विधायक शैलेंद्र जैन ने स्वागत किया एवं कार्यक्रम की समापन के दौरान समिति अध्यक्ष जुगल किशोर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### कांग्रेस सेवादल ने चौरसिया समाज की शोभायात्रा का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** सावन सोमवार और नागपंचमी एक साथ होने के शुभ मुहूर्त को देखते हुए श्रद्धालुओं ने भगवान भोले नाथ और उनके गले के हार नागराज की विधिविधान से पूजा अर्चना की। चौरसिया समाज ने नागपंचमी पर्व को उत्साह से मनाया। शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चौरसिया समाज नागदेव को अपना आराध्य मानता है। नागपंचमी पर्व को चौरसिया समाज के स्थापना दिवस के रूप में मनाते हैं। कांग्रेस सेवादल ने तीनबत्ती पर शोभायात्रा का भावपूर्ण स्वागत किया। चौरसिया समाज के पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया, शोभायात्रा में सम्मिलित झांकियों और चौरसिया समाज के लोगों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागतकर्ताओ में वरिष्ठ कांग्रेसी पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, अमित दुबे रामजी, पप्पू गुप्ता, शरद पुरोहित, नितिन पचौरी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मप्र में सत्ता परिवर्तन का शंखनाद बुंदेलखंड के सागर से करेंगे : मिश्रा



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ आज सागर पधार रहे हैं। वे आगामी विधानसभा चुनाव में मप्र में सत्ता परिवर्तन का शंखनाद करेंगे। यह बात मप्र कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में चर्चा के दौरान कही। संचालन मप्र कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने किया पत्रकार वार्ता में मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अवनीश बुंदेला, शहर प्रभारी अंजू बघेल संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर तथा शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी भी उपस्थित थे। के.के मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मप्र आ रहे हैं। यह गौरव की बात है कि उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के शंखनाद के लिए बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर को चुना। उनका यह निर्णय इस क्षेत्र में भाजपा के मंत्रियों विधायकों और नेताओं द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ कार्यकर्ताओं और आम जनता में ताकत देने का काम करेगा। इस क्षेत्र की अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा और गरीब वर्ग लगातार रूप से सत्ता के शोषण और अत्याचारों का शिकार हो रहा है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खडरगे की परिवर्तन सभा इस वर्ग की आवाज बनेगी। चुनाव के पहले मप्र में होने जा रही पहली जनसभा भाजपा की जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंक कर कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का शंखनाद साबित होगी। इस सभा में जहां सागर के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है वही संभाग भर के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम जनता हजारों की तादाद में परिवर्तन की आवाज बनकर इस सभा में शामिल होने के लिए पहुंच रहे है। केके मिश्रा ने सभा आयोजन की संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परिवर्तन जनसभा सागर के सदर स्थित कजलीवन मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इस सभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षगण सुरेश पचौरी, अरुण यादव व कांतिलाल भूरिया, सांसदगण विवेक तनखा, नकुल नाथ, राजमणि पटेल, कांग्रेस की राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी के सदस्य गुरदीप सप्पल व कमलेश्वर पटेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एनपी प्रजापति सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, समेत संभाग व प्रदेश के विधायक, विभागों तथा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा कई केंद्रीय और प्रांतीय नेता उपस्थित रहेंगे। डॉ. संदीप सबलोक ने कहा कि कमलनाथ द्वारा 15 सौ रुपए प्रतिमाह की नारी सम्मान योजना, 500 में गैस सिलेंडर 100 यूनिट बिजली बिल माफ और 200 यूनिट का बिल हाफ, किसान कर्ज माफी, ओल्ड पेंशन स्कीम के रूप प्रदेश की जनता को दिए गए पांच वचन पर इस परिवर्तन सभा से जनता की मोहर लगने वाली है। संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर व शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बताया कि श्री खरगे की सभा को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रीय सचिव तथा मप्र के सह प्रभारी सीपी मित्तल व शिव भाटिया, सभा के प्रभारी पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया पिछले दिनों से लगातार तैयारी में रहकर सभा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। जिला कांग्रेस के दोनों ही अध्यक्ष राजकुमार पचौरी व डॉ. आनंद अहिरवार अपनी पूरी टीम के साथ वार्ड स्तर से लेकर गांव स्तर तक घरों में दस्तक दे रहे हैं और पीले चावल देकर आम जनता को आमंत्रित करने का काम कर रहे हैं।

### मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई सागर द्वारा पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी इंस्टिट्यूट सिविल लाइन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूरन सिंह राजपूत ने की, मुख्य अतिथि अरुण दुबे, विशिष्ट अतिथि भूमिका बीडी पाठक थे। काव्य गोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा के साथ की गई। काव्य गोष्ठी का संचालन कवि कुमार सागर द्वारा किया गया। काव्य गोष्ठी में डॉ. नलिन जैन नलिन, पूरन सिंह राजपूत, बीडी पाठक, महेश दत्त त्रिपाठी, आरके तिवारी, ममता भूरिया, कवि कुमार सागर, प्रभात कटारे, कपिल चौबे, महेश सोनी दर्पण, मधुर गोस्वामी ने शानदार गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी गई। अरुण दुबे अरुण, आमीन अली शाहपुरी, महबूब ताज, अमित आठिया, अबरार अहमद अबरार, सफीक अनवर, सुरजीत सिंह अजनबी, सूरज चौधरी के द्वारा शानदार गजलों की प्रस्तुति दी गई। संस्था के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन की सभी को शुभकामनाएं दी। अशोक तिवारी अलख ने काव्य पाठ के साथ उपस्थित सभी साहित्यकारों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट किया। श्रोता के रूप में दमयंती ज्योतिषी, आशीष श्रीवास्तव, शिव पाठक मुंबई, मकबूल खान, रवि दुबे, अंकित चढ़ार और पवन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।